वर्ष 24, अंक 303, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 12 मई 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# पीएम मोदी की 24 घंटे में दूसरी बार अपील, वर्क फ्रॉम होम ऑफिस

## क्लास हो ऑनलाइन और करें कार पूलिंग

**नई दिल्ली**

**मिडिल** ईस्ट में ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का असर अब वैश्विक अर्थव्यवस्था पर साफ दिखने लगा है, और इसका असर भारत पर भी पड़ सकता है. इसी संदर्भ में नरेंद्र मोदी ने गुजरात के वडोदरा में सरदार धाम हॉस्टल के उद्घाटन के दौरान देशवासियों को सावधानी बरतने की सलाह दी.

वडोदरा रैली के दौरान सोमवार की शाम को प्रधानमंत्री मोदी ने संकेत दिया कि जब तक हालात सामान्य नहीं होते, लोगों को छोटे-छोटे लेकिन महत्वपूर्ण कदम उठाने चाहिए. उन्होंने पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने, कार पूलिंग अपनाने, वर्क फ्रॉम होम और वर्चुअल मीटिंग्स को बढ़ावा देने की बात कही. इसके साथ ही स्कूलों से भी ऑनलाइन क्लास चलाने का आग्रह करने की बात कही.



आर्थिक चुनौतियों का इशारा

आर्थिक दबाव को देखते हुए पीएम मोदी ने लोगों से सोने की खरीद टालने की अपील की और विदेशी उत्पादों के बजाय स्वदेशी चीजों के इस्तेमाल पर जोर दिया. उन्होंने किसानों से भी रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक खेती अपनाने का आग्रह किया.

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया पिछले कुछ वर्षों से लगातार संकटों से गुजर रही है. पहले कोविड-19 महामारी, फिर आर्थिक अस्थिरता, और अब पश्चिम एशिया में बढ़ता युद्ध. उनके अनुसार, अगर कोरोना इस सदी का सबसे बड़ा संकट था, तो पश्चिम एशिया का मौजूदा संघर्ष इस दशक के बड़े संकटों में शामिल हो सकता है.

ईरान वॉर इस दशक का बड़ा संकट

उन्होंने भरोसा जताया कि जैसे देश ने कोरोना महामारी का मुकाबला किया, वैसे ही इस चुनौती से भी पार पाया जा सकता है. साथ ही सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि इन वैश्विक परिस्थितियों का असर आम लोगों पर कम से कम पड़े. प्रधानमंत्री का संदेश साफ है- वैश्विक संकट के इस दौर में सतर्कता, बचत और आत्मनिर्भरता ही सबसे बड़ा सहारा हो सकते हैं. प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि आर्थिक चुनौतियों के इस दौर में हमें अपनी जीवनशैली में छोटे लेकिन असरदार बदलाव लाने चाहिए. उन्होंने खासतौर पर कहा कि लोग विदेशों में डेस्टिनेशन वेडिंग करने के बजाय भारत में ही शादी समारोह आयोजित करें, क्योंकि उनके अनुसार भारत से बेहतर कोई जगह नहीं है.

क्या-क्या बोले पीएम मोदी

इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने खाने के तेल के उपयोग को कम करने की भी सलाह दी, ताकि स्वास्थ्य और आर्थिक दोनों स्तरों पर संतुलन बना रहे. ईंधन की बचत पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि जहां तक संभव हो, पेट्रोल-डीजल का इस्तेमाल कम किया जाए. उन्होंने मेट्रो, इलेक्ट्रिक बसों और अन्य पब्लिक ट्रांसपोर्ट के अधिक उपयोग की अपील की. साथ ही कार पूलिंग को बढ़ावा देने की बात कहते हुए उन्होंने कहा कि जिनके पास कार है।

## सोने की खरीद टालने की पीएम मोदी की अपील पर सराफा व्यापारी बोले

# देश के लिए नुकसान सहन करना पड़ेगा- व्यापारी

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक संकट के बीच कहा कि सोने की आयात पर भी देश का बहुत बड़ा पैसा विदेश जाता है. उन्होंने देश के लोगों से अपील की कि जब तक हालात सामान्य न हो, हम सोने की खरीद को टालें. पीएम मोदी की इस अपील पर सराफा व्यापारियों की प्रतिक्रिया सामने आई है.



देश के लिए नुकसान सहन करना पड़ेगा- व्यापारी

मुंबई के कुमार जैन नाम के सराफा व्यापारी ने कहते हैं, "हम प्रधानमंत्री की बात से बिल्कुल सहमत हैं. सोना 800-900 टन हिंदुस्तान में आता है. कहीं न कहीं सामने डॉलर से पेमेंट करना पड़ता है. डॉलर आज 97 का भाव हो चुका है. एक बहुत बड़ी तेजी आई हुई है. हम भी कस्टमर से अपील करेंगे कि शादी में जितनी जरूरत हो उतना ही सोना खरीदें. उससे ज्यादा सोना न खरीदें. नुकसान तो होगा लेकिन हमें देश के लिए नुकसान सहन करना पड़ेगा."

हम प्रधानमंत्री के सलाह की सराहना करते हैं- ट्रेडर

मुंबई के एक और व्यापारी ने कहा, "पंतप्रधान ने जो अपील की है वो बहुत सही अपील की है. जियो पॉलिटिकल स्थिति को देखते हुए ये आज की बहुत बड़ी जरूरत है. क्योंकि अपना रुपया काफी समय से नीचे गिरता जा रहा है. हम पूरी तरह प्रधानमंत्री की बात से सहमत हैं. राष्ट्रहित में ये कदम सही उठाया गया है. हमारे बिजनेस का नुकसान तो बहुत होगा, कारीगर को नुकसान होगा लेकिन फिर भी राष्ट्रहित सर्वोपरि है. हम प्रधानमंत्री के सलाह की सराहना करते हैं."

महिलाओं से ज्यादा इन्वेस्टर खरीदते हैं सोना- ट्रेडर

यूपी के कानपुर के एक ट्रेडर ने कहा, "पीएम देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में लगे हैं. मोदी जी ने कहा है ।

## यूपी में शिक्षकों की छुट्टियों पर आया नया नियम! बिना अनुमति जिला छोड़ना पड़ेगा भारी

**उत्तर प्रदेश**

**भीषण** गर्मी के कारण छात्रों के साथ-साथ उनके माता-पिता और शिक्षक भी परेशान हैं. इस बीच मौसम विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है. ऐसे में अब छात्र गर्मियों की छुट्टियों का इंतजार कर रहे हैं. कई राज्यों में छुट्टियों का शेड्यूल जारी हो चुका है, जबकि कुछ जगहों पर बढ़ती गर्मी को देखते हुए पहले ही छुट्टियां घोषित कर दिया गया है. इसी बीच उत्तर प्रदेश में शिक्षा विभाग ने गर्मियों की छुट्टियों को लेकर शिक्षकों के लिए खास निर्देश जारी किए हैं. आदेश के अनुसार, यूपी बोर्ड से संबद्ध स्कूलों में नियुक्त शिक्षकों को गर्मियों की छुट्टियों के दौरान जिले के अंदर ही रहने के लिए कहा गया है. शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि गर्मियों की छुट्टियों के दौरान जिले में कई बड़ी प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित की जानी हैं।

## राष्ट्रीय हित को सबसे ऊपर रखना जरूरत- धामी



**उत्तराखंड**

**वैश्विक** उथल-पुथल के इस दौर में जब पश्चिमी देशों में तनाव चरम पर है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है,

तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद से देशवासियों को एक बड़ा संदेश दिया. उन्होंने ऊर्जा संसाधनों की बचत और स्वदेशी को अपनाने की अपील करते हुए देश की आत्मनिर्भरता की नींव और मजबूत करने का आह्वान किया.

प्रधानमंत्री के इस संदेश को उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तत्परता से आगे बढ़ाया. उन्होंने कहा कि यह केवल एक सरकारी अपील नहीं, बल्कि हर उस नागरिक की जिम्मेदारी है जो इस देश से प्यार करता है.

बांदा में मदर्स डे पर कातिल बना बेटा, मां को गोली मारकर उतारा मौत के घाट, भाई की भी कर दी हत्या

राष्ट्रीय हित को सबसे ऊपर रखना जरूरत- सीएम धामी

मुख्यमंत्री धामी ने साफ शब्दों में कहा कि राष्ट्रीय हित को सबसे ऊपर रखना आज के वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है. उन्होंने जनता से कुछ ऐसे व्यावहारिक कदम उठाने की अपील की जो देखने में भले ही छोटे लगें, लेकिन मिलकर देश की अर्थव्यवस्था पर गहरा असर डाल सकते हैं.

सीएम धामी ने आगे कहा कि जब तक बेहद जरूरी न हो अनावश्यक विदेश यात्राओं से परहेज करें.

उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल की खपत घटाने के लिए निजी वाहन की जगह सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें. स्थानीय और स्वदेशी उत्पादों को खरीदारी में पहली प्राथमिकता दें।

## सुभेंदु का बड़ा प्रशासनिक सर्जिकल स्ट्राइक, सरकार ने कई अफसरों की सेवाएं की खत्म

**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम** बंगाल सरकार ने बड़ा प्रशासनिक फैसला लेते हुए राज्य के सभी गैर-सांविधिक निकायों, बोर्डों और सार्वजनिक उपक्रमों में नियुक्त नामित सदस्यों, निदेशकों और चेयरपर्सनों की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का आदेश जारी किया है. इसके साथ ही 60 वर्ष की सेवानिवृत्ति आयु पार करने के बाद पुनर्नियुक्ति या सेवा विस्तार पर काम कर रहे अधिकारियों की नियुक्तियां भी खत्म कर दी गई हैं.

यह आदेश राज्य के गृह एवं पर्वतीय मामलों के विभाग की ओर से जारी किया गया. आदेश के अनुसार यह फैसला तुरंत लागू माना जाएगा और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं.

प्रशासनिक ढांचे में बड़ा बदलाव, गृह विभाग का सख्त आदेश

नाबन्ना से जारी आधिकारिक आदेश के तहत राज्य सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था में व्यापक फेरबदल करते हुए कई अहम फैसले लिए हैं. मुख्यमंत्री के निर्देश पर जारी इस आदेश का उद्देश्य प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना बताया जा रहा है.

मनोनीत पदाधिकारियों की छुट्टी

राज्य सरकार के विभिन्न बोर्डों, निकायों, संगठनों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (ढरव) में नियुक्त सभी मनोनीत सदस्यों, निदेशकों और चेयरपर्सनों का कार्यकाल तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है.



सेवा विस्तार पर भी कार्रवाई

इसके अलावा, 60 वर्ष की सेवानिवृत्ति आयु पूरी करने के बाद पुनर्नियुक्ति या सेवा विस्तार पर कार्यरत अधिकारियों की सेवाएं भी तुरंत समाप्त करने का निर्देश दिया गया है. गृह विभाग ने संबंधित सभी विभागों और संस्थाओं को आदेश का तत्काल पालन सुनिश्चित करने को कहा है.

सरकारी सूत्रों के मुताबिक राज्य सरकार प्रशासनिक ढांचे में व्यापक फेरबदल और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठा रही है. माना जा रहा है कि कई बोर्डों और सार्वजनिक उपक्रमों में लंबे समय से सेवा विस्तार पर कार्यरत अधिकारियों और राजनीतिक नियुक्तियों को हटाकर नई नियुक्तियों का रास्ता तैयार किया जा रहा है. हालांकि सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर इस फैसले के पीछे विस्तृत कारण नहीं बताए गए हैं, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसे आने वाले समय में प्रशासनिक और राजनीतिक रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

## अचानक दिल्ली आकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से क्यों मिले उमर अब्दुल्ला?

**जम्मू-कश्मीर**

**जम्मू**-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच जम्मू-कश्मीर से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के बीच हुई बैठक को इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि केंद्र सरकार के पास जम्मू-कश्मीर सरकार की कई महत्वपूर्ण



फाइलें अंतिम मंजूरी के लिए लंबित हैं। नेशनल कांफ्रेंस के एक वरिष्ठ नेता के अनुसार जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन कानून 2019 के तहत अब तक कार्य संचालन नियम तय नहीं होने से वर्ष 2024 में निर्वाचित सरकार बनने के बाद से प्रशासनिक कामकाज प्रभावित हो रहा है।

## देश में पेट्रोल, डीजल और गैस का पर्याप्त भंडार

# संकट के बीच मोदी सरकार ने देश को दिया भरोसा

**नई दिल्ली**

**मध्य** पूर्व में जारी तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास बिगड़ती स्थिति के बीच केंद्र सरकार ने आज देश की ऊर्जा आपूर्ति को लेकर लोगों की चिंताओं को दूर करने का प्रयास किया। सरकार ने भरोसा दिलाया कि देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है और आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इसी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस अपील को भी दोहराया गया,



जिसमें उन्होंने देशवासियों से पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने तथा ऊर्जा संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आग्रह किया है। ऊर्जा आपूर्ति और ईंधन प्रबंधन को लेकर आयोजित अंतर मंत्रालयी बैठक में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने नागरिकों से अपील की है कि जहां तक संभव हो निजी वाहनों का कम उपयोग करें और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दें। उन्होंने लोगों से मेट्रो और अन्य सार्वजनिक यातायात सेवाओं का अधिक इस्तेमाल करने, कार साझा करने की व्यवस्था अपनाने तथा माल ढुलाई के लिए रेलवे को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। इसके अलावा उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को भी बढ़ावा देने की बात कही। सुजाता शर्मा ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ा है और ऐसे समय में ऊर्जा बचत बेहद जरूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि यदि नागरिक अपने दैनिक जीवन में ईंधन की खपत कम करने का प्रयास करें तो इससे देश पर पड़ रहे आर्थिक बोझ को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि देश में कच्चे तेल और ईंधन का भंडार पूरी तरह सुरक्षित और पर्याप्त है। सुजाता शर्मा के अनुसार सरकार ने बीते दिनों में कई प्रभावी कदम उठाए हैं।

## क्या देश में आर्थिक आपातकाल है?- अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नागरिकों को एक साल तक सोने पर खर्च न करने और खाना पकाने के तेल की खपत कम करने के सुझाव पर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार को देश की अर्थव्यवस्था की वास्तविक स्थिति बतानी चाहिए। एक्स पर एक पोस्ट में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि पीएम मोदी को जनता के सामने सच्चाई रखनी चाहिए।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने देश के सभी नागरिकों को खाने-पीने, यात्रा और पर्यटन पर खर्च कम करने और यहां तक ??कि सोने और अन्य कीमती वस्तुओं की खरीद पर भी कटौती करने की सलाह दी है। क्या यह आर्थिक आपातकाल का संकेत है? क्या देश गंभीर आर्थिक संकट में डूबा हुआ है? देश




में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। प्रधानमंत्री को देश के सामने सच्चाई रखनी चाहिए। आखिर देश की अर्थव्यवस्था की वास्तविक स्थिति क्या है? आप नेता ने सिकंदराबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए भाषण का जिक्र किया। अपने भाषण में पीएम मोदी ने नागरिकों से आयात पर निर्भरता कम करने, जहां तक संभव हो खाद्य तेल की खपत कम करने और स्थानीय उत्पादों का उपयोग करने का आग्रह किया ताकि अंतरराष्ट्रीय संघर्षों के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और बढ़ती लागत के बीच अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सके।

उन्होंने लोगों से एक साल तक सोने की गैर-जरूरी खरीदारी से बचने और विदेश यात्राओं से दूर रहने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने, कार-पूलिंग और माल ढुलाई के लिए रेल परिवहन को प्राथमिकता देने और प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने का आग्रह किया।

## केरल में सीएम के नाम पर सस्पेंस

**केरल**

**केरल** कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद को लेकर हलचल तेज हो गई है. KPCC अध्यक्ष सनी जोसेफ ने रविवार (10 मई 2026) को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जल्द ही केरल के अगले मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान करेंगे. उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पद के तीनों प्रमुख दावेदारों से पार्टी की शीर्ष लीडरशिप पहले ही बातचीत कर चुकी है.

नई दिल्ली से लौटने के बाद मीडिया से बात करते हुए सनी जोसेफ ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि इस मुद्दे पर राज्य के नेताओं के साथ किसी और दौर की चर्चा की जरूरत है. हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान कब किया जाएगा. उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि सभी नेताओं को किसी भी तरह के विवाद या बयानबाजी से बचने के लिए कहा गया है. उनसे जब पूछा गया कि क्या यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के सहयोगी दलों से भी इस बारे में बातचीत होगी तो उन्होंने कहा कि यह फैसला कांग्रेस हाईकमान ही करेगा.

ये भी पढेंः तमिलनाडु उट के शपथ ग्रहण में गाया गया पूरा वंदे मातरम गीत, थलपति विजय ने भाजपा को क्या दिया मैसेज?

मुख्यमंत्री पद की दौड़ में कौन है शामिल?

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और वरिष्ठ कांग्रेस नेता ए के एंटनी के बीच होने वाली चर्चा मुख्यमंत्री चयन में अहम भूमिका निभा सकती है. इस समय मुख्यमंत्री पद की दौड़ में के सी वेणुगोपाल, वी डी सतीशन और रमेश चेन्निथला सबसे बड़े दावेदार माने जा रहे हैं. तीनों नेताओं के समर्थक अपने-अपने दावे को मजबूत मान रहे हैं. वेणुगोपाल खेमे को भरोसा है कि कांग्रेस नेतृत्व विधायक दल की राय को ज्यादा महत्व देगा. सतीशन समर्थकों का कहना है कि जनता के बीच उनकी लोकप्रियता और वऊ्फ सहयोगी दलों का समर्थन उनके पक्ष को मजबूत बना रहा है.

रमेश चेन्निथला भी दावेदारी कर सकते हैं पेश

रमेश चेन्निथला भी अपनी दावेदारी को लेकर काफी आशावादी बताए जा रहे हैं।

# ब्रह्म दरबार की भव्य शोभायात्रा से भक्तिमय हुआ जसरा, उमड़ा जनसैलाब

## स्वामी जयशंकर जी महाराज के दिव्य दरबार में उमड़े देश-कोने से श्रद्धालु

### दिव्य दरबारः समस्याओं का हुआ निराकरण, संतों का हुआ भव्य स्वागत

**अखंड भारत संदेश**





**जसरा।** ब्रह्म दरबार साधना केंद्र जसरा में दिव्य दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें देश के कोने-कोने से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराया। दिव्य दरबार के पूर्व शोभा यात्रा निकाली गई। रास्ते में लोगों ने बहुत ही श्रद्धा भाव से शोभायात्रा में शामिल लोगों को पुष्प हार अर्पितकर स्वागत किया।

जसरा लाइन पार के शिवपुरी कालोनी में स्वामी जयशंकर जी महाराज द्वारा दिव्य दरबार लगाया गया। जिसमें देश के कई प्रान्तों से अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर लोग दरबार में शामिल हुए। दरबार में कौंधियारा ब्लाक के मवैया निवासी बाबालाल द्विवेदी के पुत्र शिवम द्वारा धूमधाम से दरबार में निशान चढ़ाया गया। जिसकी शोभा यात्रा में आधा दर्जन से अधिक मंदिरों में पूजन अर्चन के बाद जसरा बाजार होते हुए पुनः ब्रह्म दरबार साधना केंद्र पर यात्रा का समापन किया गया। शोभायात्रा में सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों के साथ व्यापारियों ने भी शोभायात्रा में हिस्सा लिया।

ब्रह्म दरबार साधना केंद्र की तरफ से सप्तमी दिन शनिवार के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बैंड बाजा डीजे तथा लगातार जय घोष के नारे पूरे वातावरण को भक्ति मय बना रहे थे। शोभा यात्रा के साथ आधे दर्जन से अधिक संत भी भ्रमण पर निकले रहे। जगह-जगह पर लोगों ने शोभा यात्रा में संतों का स्वागत करते हुए स्वल्पाहार भी कराया । इस अवसर पर आचार्य कृष्णानंद महाराज, ज्ञानेन्द्र पंडित, अनंत तिवारी, दीपू पंडित, अभय मिश्रा, कृपा सिंधु त्रिपाठी, आलोक पंडित, अनुराग मालवीय, विनीत द्विवेदी, दानिश, संतोष सिंह, सोनू कुशवाहा, विप्पू शर्मा, शिवम शुक्ला सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद में मार पीट पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** जमीनी विवाद को लेकर विपक्षी हाथ मे लाठी डंडे धारदार हथियार ले कर हमला कर दिए ।परिजनों को मार पीट कर लहूलुहान कर दिए तथा जान से मारने की धमकी दिए दे कर भाग गए।पुलिस ने पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम तेलियावीर निवासी श्याम लाल का आरोप है कि विपक्षी उसकी जमीन पर पर निर्माण कार्य शुरू कर दिए मना करने पर लाठी डंडा धारदार हथियार से हमला कर उसे और परिजनों को पीट कर लहुलुहान कर दिए।पुलिस के पहुंचने पर विपक्षी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। श्याम लाल ने मऊआइमा थाना में तहरीर दी। जिसपर मऊआइमा पुलिस ने माया देवी, छोटे लाल, धर्मेंद्र कुमार, अरविन्द कुमार, सुरेंद्र कुमार तथा अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# रात में घर के बाहर सोया था विनय सुबह खेत में मिली लाश

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, गांव में दहशत का माहौल

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** थाना क्षेत्र के नेवरिया गांव में रविवार रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में हड़कंप मच गया। घर के बाहर सोया युवक सुबह घर से महज 10 कदम दूर खेत में मृत अवस्था में मिला। घटना की खबर फैलते ही गांव में सनसनी फैल गई और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

मृतक की पहचान विनय सिंह (27) पुत्र उग्रसेन सिंह, निवासी नेवरिया के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रविवार रात विनय रोज की तरह घर के बाहर सोया हुआ था। देर रात आखिर ऐसा क्या हुआ कि सुबह उसका शव खेत में पड़ा मिला, यह सवाल पूरे गांव को परेशान कर रहा है। सुबह जब ग्रामीणों की नजर खेत में पड़े शव पर पड़ी तो इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही परिजन बदहवास होकर मौके पर पहुंचे। परिवार वालों का कहना है कि विनय की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी, ऐसे में उसकी मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि युवक के शरीर पर किसी प्रकार के स्पष्ट चोट के निशान नहीं मिले। इससे मामला और भी रहस्यमय हो गया है। ग्रामीणों में तरह-तरह की चचाएँ तेज हैं। कोई इसे सुनियोजित हत्या बता रहा है तो कोई मौत के पीछे किसी गहरी साजिश की आशंका जता रहा है।

घटना की सूचना पर शंकरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी सुशील कुमार दुबे ने बताया कि प्रथम दृष्टया मौत के कारण स्पष्ट नहीं हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी। वहीं परिजनों की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# HDFC बैंक ने नगर निगम को दी आधुनिक कचरा पृथक्करण मशीनें, स्वच्छता व्यवस्था होगी मजबूत

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** शहर की ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को तकनीकी रूप से और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक नई पहल के तहत HDFC बैंक ने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) के अंतर्गत प्रयागराज नगर निगम को ट्रॉमेल मशीन और बैलिस्टिक सेपरेटर मशीन भेंट की। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि इन मशीनों के इस्तेमाल से कचरे के पृथक्करण और रिसाइक्लिंग प्रक्रिया में तेजी आएगी, जिससे शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सकेगा।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम में नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा ने कहा कि आधुनिक तकनीक आधारित मशीनों के उपयोग से गीले और सूखे कचरे को अलग करने की प्रक्रिया अधिक आसान और प्रभावी होगी। इससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ प्रयागराज अभियान को गति देने में इस पहल की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त दीपेन्द्र यादव, सहायक नगर आयुक्त दीपशिखा पांडेय, नगर निगम के CFO राजकुमार शर्मा समेत सभी जोनल अधिकारी मौजूद रहे। वहीं HDFC बैंक की ओर से जोनल अधिकारी प्रभात उपाध्याय के निर्देशन में क्लस्टर हेड संतोष सिंह, ब्रांच मैनेजर अभय प्रताप सिंह और अमित कुमार सिंह शामिल हुए।

अधिकारियों को मशीनों की कार्यप्रणाली की जानकारी भी दी गई। बताया गया कि ट्रॉमेल मशीन कचरे को आकार और श्रेणी के अनुसार अलग करने में सक्षम है, जबकि बैलिस्टिक सेपरेटर मशीन प्लास्टिक, कागज और अन्य ठोस अपशिष्ट को अलग कर रिसाइक्लिंग प्रक्रिया को आसान बनाएगी।

कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने HDFC बैंक की इस उरफ पहल की सराहना करते हुए कहा कि नगर निगम और निजी संस्थानों के सहयोग से शहर को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में यह एक सकारात्मक कदम है।

# दास्तान ए कोरांव तहसील : पीएम सीएम आयुक्त डीएम सीआरओ एडीएम विधायक सांसद तक दरख्वास्त

## राजस्व विभाग ने ग्राम प्रधान और भूमिहीनों की नहीं सुनी शिकायत किया गया फर्जी निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जनपद की कोरांव तहसील में राजस्व अधिकारी कर्मचारी ग्राम प्रधान चेयरमैन भूमि प्रबंधक समिति अल्हवा और भूमिहीनों की शिकायतों को तरजीह नहीं देते बल्कि ग्राम समाज की जमीनों पर अवैध कब्जे करने वालों को बढ़ावा दिया जाता है। राजस्व कर्मी लेखपाल आदि लोकल रहने वाले हैं और तहसील अधिकारियों पर भारी हैं।

ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने ग्राम समाज की बंजर,नवीन परती चकमार्ग आदि भूमि का मुख्य मंत्री जी की तर्ज पर वर्ष 2021/22 से कब्जा मुक्त अभियान चला कर तथा भूमि एवं आवास हीन लोगों को दुरुपयोग हो रही जमीनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए एल एम सी द्वारा आवंटन प्रस्ताव पारित किया। किंतु समिति के सचिव लेखपाल ने भूमि के कब्जा कताओं की सह पर आवंटन पत्रावली तहसीलदार एसडीएम कोरांव के सामने तरह तरह के बहाने बना बना कर पांच साल बीता दिए।

मजेदार बात तो यह है कि प्रधान और सदस्यों ने मुख्य मंत्री प्रधान मंत्री प्रमुख सचिव राजस्व लखनऊ मंडलायुक्त प्रयागराज मंडल, जिलाधिकारी प्रयागराज मुख्य राजस्व अधिकारी प्रयागराज, अपर जिलाधिकारी प्रयागराज वित्त एवं राजस्व प्रयागराज की इस बात की शिकायत करते रहे कि एसडीएम तहसीलदार से आग्रह के बाद आदेश के बावजूद लेखपाल कानूनगो ने आवंटन पत्रावली स्वीकृति हेतु नहीं भेजी। परन्तु समुचित आदेशों के बावजूद तहसील कोरांव के अधिकारी एलएमसी सचिव का कुछ भी बाल बांका नहीं कर पाए। जब कि एसडीएम ने तहसीलदार को ऐसे लेखपाल को तुरंत अन्यत्र हटाने का हुक्म भी दिया था। और पत्रावली प्रस्तुत करने को कहा था किंतु फिर भी हुक्म अदुली की गई। और की जा रही है।

इस संबंध में भाजपा विधायक कोरांव राजमणि कोल ने भी जनता की शिकायत पर डीएम की पिछले साल पत्र लिखा था और एक सप्ताह पूर्व भी डीएम की चिट्ठी लिखी। एसडीएम कोरांव संदीप तिवारी को फोन पर भी अवगत कराया और तत्काल पट्टा पात्रों को वितरण कराने को कहा। ग्राम प्रधान ने एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रयागराज श्रीमती विनीता सिंह तथा डीएम जनसुनवाई में 11मई 2026 को भी शिकायती पत्र दिया। एसडीएम कोरांव को निर्देशित किया।

**एलएमसी अल्हवा द्वारा कार्यवाही**

एलएमसी ग्राम सभा अलहवा ने करीब दो सौ साल से बसे हरिजन आबादी भूमि पर बसे कोल, पासी वर्ग की भूमि को चकबंदी वालों ने वर्ष 2019 में नवीन परती दर्ज कर दिया। जिससे प्रधान ने गरीब परिवारों को उनके कब्जे में बने मकानों दरवाजों तक नाप कर आवासीय आवंटन किया। जिससे गरीब कानूनी कार्यवाही के पात्र न बनें।

इसी तरह ब्राह्मण, कुर्मी, लोहार, पाल, कोल, पासी, मुशहर, मुस्लिमों, मल्लाहों को मुद्दतों से बने उक्त भूमि पर मकानों, और कब्जों के आधार पर आवासीय तथा कृषि का करीब पांच छ बीघा भूमि में करीब डेढ़ सौ से अधिक लोगों को पट्टा किया गया। किंतु लेखपाल को क्या चाहिए अधिकारी ही समझ सकते हैं कि क्यों नहीं पट्टा स्वीकृति हेतु एसडीएम के सामने पत्रावली पेश की जा रही है।



"मैं ग्राम सभा अलहवा की आवंटन पत्रावली स्वयं लेखपाल से मंगवा रहा हूं और नायब तहसीलदार से रिपोर्ट ले कर पात्रों को अविलंब आवंटन करूंगा। इस बाबत विधायक जी ने भी कहा है।"

**-संदीप तिवारी**
**उप जिलाधिकारी कोरांव प्रयागराज**



"इस मामले में माननीय विधायक जी का भी पत्र डीएम साहब को भेजा गया है संज्ञान में आया है,आवंटन पत्रावली मैं तुरंत लेखपाल से मंगवाती हूं और पात्रों को शीघ्र आवंटन के लिए एसडीएम से वार्ता करूंगी। जिससे गरीबों को पट्टा वितरण हो। और लापरवाही बरतने वाले कर्मी के विरुद्ध एक्शन लिया जाएगा।"

**-रोशनी सोलंकी**
**तहसीलदार कोरांव प्रयागराज**

फिलहाल यह प्रकरण उच्च न्यायालय इलाहाबाद में तहसील के अधिकारियों सकछम अधिकारियों को पछकार बनाते हुए जनहित याचिका दाखिल हो सकती है।

# कई दिनों से फरार चल रहे आरोपियों को पुलिस ने दबोचा, इलाके में चर्चा

**अखंड भारत संदेश**




**शंकरगढ़।** दहेज उत्पीड़न और विवाहिता की हत्या के चर्चित मामले में शंकरगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका के परिजनों द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित कर हत्या किए जाने का आरोप लगाए जाने के बाद से पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी। रविवार को पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया।

पुलिस के मुताबिक थाना शंकरगढ़ में दर्ज मुकदमा संख्या 99/26 धारा 85/80(2) बीएनएस एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम से संबंधित मामले में वांछित चल रहे राजेन्द्र प्रसाद द्विवेदी उर्फ राजा पुत्र रामआधर द्विवेदी तथा रविशंकर द्विवेदी पुत्र राजेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, निवासी भगदेवा थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों को थाना क्षेत्र के रेलवे पावर हाउस के पास कस्बा शंकरगढ़ से पकड़ा गया।

घटना की शुरूआत 8 मई को हुई थी, जब मध्यप्रदेश के रीवा जनपद के अतरैला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लुक निवासी मंगलेश्वर प्रसाद पाठक ने थाना शंकरगढ़ में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी पुत्री रीना द्विवेदी को ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि प्रताड़ना के बाद उसकी हत्या कर दी गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। घटना के बाद आरोपी फरार चल रहे थे, जिनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। रविवार को मुखबिर से सूचना मिलने के बाद शंकरगढ़ पुलिस ने रेलवे पावर हाउस के पास घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रमेश कुमार सिंह, कांस्टेबल सुरेन्द्र पाल, सन्नी चौधरी तथा रजनीश कुमार शामिल रहे।

# तीन राज्यों में भाजपा की शानदार जीत पर उप मुख्यमंत्री से भाजपा गंगापार पदाधिकारियों ने की भेंट

**अखंड भारत संदेश**




**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी गंगापार की जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान के नेतृत्व में भाजपा गंगापार टीम के प्रमुख पदाधिकारियों ने रविवार को लखनऊ पहुंचकर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान पदाधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत एवं पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर बधाई दी। साथ ही मंत्रीमंडल विस्तार में कृष्णा पासवान सहित अन्य नेताओं को प्रदेश सरकार में मंत्री बनाए जाने पर भी हर्ष व्यक्त किया। मुलाकात के दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। देश की जनता अब यह समझ चुकी है कि भाजपा ही देश के विकास और जनकल्याण के लिए समर्पित पार्टी है, जबकि अन्य दल केवल अपने हितों तक सीमित हैं। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता में आएगी। इस अवसर पर जिला महामंत्री अनिरुद्ध सिंह पटेल, मनोज निषाद, संतोष शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, श्याम सुंदर दुबे सहित कई भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर शिवालयों में गूंजे मंत्रोच्चार नागवासुकी से दशाश्वमेध तक निकली कलश यात्रा

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत सोमवार को शहर और तहसीलों के विभिन्न प्रमुख शिवालयों में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंदिरों में सामूहिक मंत्रोच्चार, ओमकार जाप, भजन-कीर्तन, प्रवचन और आरती के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना की। इस दौरान गुजरात के सोमनाथ मंदिर और वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण भी कराया गया, जिसे बड़ी संख्या में लोगों ने देखा।

नागवासुकी मंदिर से दशाश्वमेध मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में हाल ही में सोमनाथ यात्रा से लौटे 11 सदस्यीय दल ने भाग लिया। कलश यात्रा में महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, अलका सेठ, लक्ष्मी देवी, कैप्टन उमेशचंद्र द्विवेदी, रमन कुमार, रंजीत सिंह और लोक कलाकार वेदानंद विश्वकर्मा समेत कई श्रद्धालु शामिल रहे।

शहर के नागवासुकी मंदिर, दशाश्वमेध मंदिर, कोटेश्वर महादेव शिवकुटी, गंगोली शिवाला झूंसी, पड़िला महादेव, मनकामेश्वर मंदिर और सोमेश्वर महादेव मंदिर सहित विभिन्न शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। वहीं तक्षक तीर्थ-दरियाबाद, बहादुरगंज स्थित मनोकामनापूर्ति प्राचीन मंदिर और महर्षि दुवार्सा आश्रम ककरा दुबावल में भी भजन और आरती के कार्यक्रम आयोजित हुए।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोमनाथ मंदिर गुजरात में आयोजित संबोधन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काशी विश्वनाथ मंदिर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। महापौर समेत अन्य लोगों ने कार्यक्रम को देखा और सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की महत्ता पर चर्चा की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्कृति विभाग, सिविल डिफेंस, स्काउट टीम और विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने सहयोग किया। आयोजकों के अनुसार सभी मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही और धार्मिक वातावरण से पूरा शहर भक्तिमय नजर आया।

# ओटीएस योजना के प्रचार के लिए पीडीए का विशेष अभियान, कालिंदीपुरम में लगाया गया शिविर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) की ओर से एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस)-2026 के प्रचार-प्रसार के लिए सोमवार को कालिंदीपुरम आवास योजना में जागृति चौराहे के पास विशेष शिविर लगाया गया। शिविर के माध्यम से बकायेदारों को योजना की जानकारी देकर उसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

पीडीए अधिकारियों ने बताया कि ओटीएस योजना के तहत सीमित अवधि के लिए बकायेदारों को राहत देने की व्यवस्था की गई है। इसी उद्देश्य से कालिंदीपुरम क्षेत्र में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। प्रचार-प्रसार के लिए ई-रिक्शा और जीप के माध्यम से विभिन्न सेक्टरों में मुनादी कराई गई, वहीं घर-घर जाकर नोटिस चस्पा किए गए और पंपलेट वितरित किए गए।

अधिकारियों ने लोगों को बताया कि योजना के तहत निर्धारित समय में आवेदन करने पर बकाया राशि के निस्तारण में विशेष लाभ मिल सकेगा। शिविर में पहुंचे लोगों को ओटीएस योजना की प्रक्रिया और आवेदन संबंधी जानकारी भी दी गई।

अभियान का संचालन सहायक संपत्ति अधीक्षक राम आसरे गौतम के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान अवर अभियंता रूपेश पटेल, शिव रंजन, राकेश प्रताप कोटार्य, रमेश चंद्र श्रीवास्तव, राजकमल, जतीनाथ और सुपरवाइजर गौरी प्रसाद समेत अन्य कर्मचारियों ने सहयोग किया। पीडीए अधिकारियों के अनुसार कालिंदीपुरम आवास योजना में यह विशेष शिविर 15 मई तक संचालित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग योजना का लाभ उठा सकें।

# इलाहाबाद संग्रहालय में दिव्यांगजनों के लिए अनुभव वीथिका का शुभारंभ, मंत्री ने की सराहना

**अखंड भारत संदेश**





**प्रयागराज।** इलाहाबाद संग्रहालय में सोमवार को दिव्यांगजनों के लिए विकसित की गई नवनिर्मित अनुभव वीथिका का माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उत्तर प्रदेश श्री नरेंद्र कश्यप ने भ्रमण कर अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने संग्रहालय में उपस्थित विद्यालयी छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनके अनुभव भी जाने और उन्हें प्रेरित किया।

कार्यक्रम में मंडलायुक्त एवं निदेशक इलाहाबाद संग्रहालय श्रीमती सौम्या अग्रवाल भी मौजूद रहीं। उन्होंने मंत्री को अनुभव वीथिका की अवधारणा, उद्देश्य और भविष्य की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इसके पश्चात संग्रहालय सभागार में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान निदेशक ने मंत्री का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

अपने संबोधन में मंत्री श्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए लगातार गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने दिव्यांगजन कल्याण बजट को 665 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2141 करोड़ रुपये किया है, जिससे योजनाओं का व्यापक विस्तार संभव हुआ है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान में 12 लाख से अधिक दिव्यांगजनों को 1000 रुपये प्रतिमाह भरण-पोषण सहायता दी जा रही है, जिसे बढ़ाकर 1500 रुपये करने की प्रक्रिया जारी है। इसके साथ ही शादी अनुदान योजना, स्वरोजगार योजनाएं, यात्रा सुविधा, ट्राईसाइकिल वितरण, उच्च शिक्षा में निःशुल्क शिक्षा, आवास एवं भोजन जैसी सुविधाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि इलाहाबाद संग्रहालय में स्थापित अनुभव वीथिका दिव्यांगजनों के लिए एक नई सोच और संवेदनशील पहल है, जिससे उन्हें सीखने और अनुभव करने का विशेष अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस मॉडल को अन्य संग्रहालयों में भी लागू करने पर विचार किया जाएगा।

उन्होंने मंडलायुक्त के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की भी उन्होंने प्रशंसा की।

कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सन्जू मिश्रा ने किया। आयोजन में उपनिदेशक अभय कुमार श्रीवास्तव, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अशोक कुमार गौतम, समन्वयक चंद्रभान द्विवेदी तथा संग्रहालय के सहायक प्रशासनिक अधिकारी सुनील कुमार पाण्डेय सहित अन्य अधिकारियों का सहयोग रहा।

# नाजरेथ हॉस्पिटल में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं से मरीजों को मिल रही राहत

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** शहर के प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों में शामिल नाजरेथ हॉस्पिटल में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और बेहतर प्रबंधन के चलते मरीजों को राहत मिल रही है। अस्पताल में ओपीडी, इमरजेंसी और विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं के जरिए लगातार बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, आधुनिक चिकित्सा उपकरणों और अनुभवी डॉक्टरों की टीम के माध्यम से मरीजों को समय पर और प्रभावी इलाज उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। जांच, परामर्श और आपातकालीन सेवाओं को और अधिक सुलभ और व्यवस्थित बनाने के प्रयास भी जारी हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में इलाज के दौरान बेहतर व्यवस्था और सहयोगात्मक वातावरण के कारण मरीजों का अनुभव पहले की तुलना में बेहतर हुआ है। सामान्य चिकित्सा से लेकर आपातकालीन सेवाओं तक, अस्पताल की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

प्रबंधन ने बताया कि आने वाले समय में स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूत करने के लिए नई तकनीकों और अतिरिक्त विशेषज्ञ सेवाओं को जोड़ा जाएगा, ताकि क्षेत्रीय मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर इलाज मिल सके।

# मातृत्व दिवस पर छात्राओं ने कविताओं और कार्ड के जरिए जताया मां के प्रति प्रेम

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** श्री नारायण आश्रम बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज में मातृत्व दिवस के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक और रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने कविताओं, गीतों और हस्तनिर्मित कार्ड के माध्यम से मां के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को अभिव्यक्त किया।

विद्यालय की प्रार्थना सभा में छात्राओं ने शिक्षिकाओं को मां का स्वरूप बताते हुए उनके सम्मान में गीत और कविताएं प्रस्तुत कीं। इस दौरान छात्राओं ने शुभकामना संदेश लिखे कार्ड, फूल और गुलदस्ते भेंट कर शिक्षिकाओं को मातृत्व दिवस की बधाई दी।

कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। नर्सरी और कक्षा एक की छात्राओं के लिए ह्यमांह्ल विषय पर काव्य वाचन प्रतियोगिता हुई, जबकि कक्षा एक से आठ तक की छात्राओं ने कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। छात्राओं ने स्टोन, रंगीन पेपर और ग्लिटर पेपर की मदद से आकर्षक कार्ड तैयार किए और उन पर कविता व स्लोगन लिखकर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

प्रतियोगिता में शुभी मिश्रा, समृद्धि गुप्ता, श्रुति कुमारी, अद्विका कुशवाहा, सृष्टि पाल, अनुप्रिया, क्रिस्टी यादव, आर्या ओझा, अंशिका तिवारी, वैष्णवी देवी और सृष्टि शुक्ला समेत कई छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा नौ से 12 तक की छात्राओं ने स्वरचित कविताओं के माध्यम से मां के प्रति अपने भाव प्रस्तुत किए। इसमें तनु यादव, ऋतु पाल, अनुष्का तिवारी, तनु कुमारी, प्रियंका यादव, अनन्या मिश्रा, नित्या मिश्रा, आरुषि यादव, कनक तिवारी और पंखुड़ी चंद्रा प्रमुख रहीं।

विद्यालय की प्रधानाचार्या विभा मिश्रा ने कहा कि मां का स्नेह और पिता का अनुशासन व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओं में विजयी छात्राओं को वार्षिक समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

# 'तारीख पर तारीख' के लिए सिर्फ जज नहीं पुलिस-सरकार भी जिम्मेदार : हाईकोर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश की न्यायिक व्यवस्था में मामलों के लंबित रहने पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि अदालतों में पड़ रही ह्लतारीख पर तारीखह्व के लिए केवल न्यायिक अधिकारी जिम्मेदार नहीं हैं, बल्कि पुलिस व्यवस्था और राज्य सरकार की कार्यप्रणाली भी इसके लिए समान रूप से उत्तरदायी है। कोर्ट ने फिल्म दमिनी के चर्चित संवाद ह्लतारीख पर तारीखह्व का उल्लेख करते हुए न्याय व्यवस्था की खामियों पर तीखी टिप्पणी की।

फतेहपुर से जुड़े एक मामले में मेवालाल प्रजापति की जमानत याचिका खारिज करते हुए जस्टिस अरुण कुमार सिंह देशवाल की एकल पीठ ने कहा कि पर्याप्त स्टाफ, पुलिस सहयोग और समय पर फॉरेंसिक रिपोर्ट के बिना कोई भी न्यायिक अधिकारी प्रभावी ढंग से मामलों का निस्तारण नहीं कर सकता।

कोर्ट ने कहा कि जिला अदालतों में आपराधिक मामलों के लंबित रहने का बड़ा कारण मिनिस्टीरियल स्टाफ, स्टेनोग्राफर और बयान दर्ज करने वाले कर्मचारियों की भारी कमी है। इसके अलावा पुलिस की ओर से अदालती प्रक्रियाओं का सही तरीके से पालन न करना और फॉरेंसिक रिपोर्ट में देरी भी न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करती है।

हाईकोर्ट ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अदालतों की प्रक्रियाओं की निगरानी के लिए प्रभावी तंत्र का अभाव है। कोर्ट ने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि जिला जज की अध्यक्षता में होने वाली मॉनिटरिंग सेल की बैठकों में कई बार जिला पुलिस प्रमुख और पुलिस कमिश्नर स्वयं उपस्थित नहीं होते और प्रतिनिधियों को भेज देते हैं।

अदालत ने कहा कि जिला अदालतों में लंबित आपराधिक मामलों की सबसे बड़ी वजह पुलिस गवाहों का समय पर पेश न होना और अदालती प्रक्रिया का पूरा न होना है। इससे मामलों के निस्तारण में अनावश्यक देरी होती है।

कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि न्यायिक प्रक्रिया में देरी के कारण कई अपराधी बिना भय के अपराध करते रहते हैं और कुछ लोग विधायक, सांसद तथा मंत्री तक बन जाते हैं। अदालत ने यह भी कहा कि प्रदेश में न्यायिक अधिकारियों को पर्याप्त सुरक्षा तक उपलब्ध नहीं कराई जाती।

एडीआर (एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कोर्ट ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के करीब 49 प्रतिशत मंत्रियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें 44 प्रतिशत पर गंभीर आरोप हैं।

हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव (विधि) को आदेश की प्रति मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि यदि जिला न्यायपालिका को पर्याप्त संसाधन, स्टाफ और पुलिस का सहयोग मिले तो मामलों का तेजी से निस्तारण संभव है। साथ ही साफ-सुथरी और स्वतंत्र न्याय व्यवस्था ही लोकतंत्र की असली मजबूती है।

# लड़का से लड़की बनाने और शादी का झांसा देकर आरोपी ने नर्तक से किया लाखों की ठगी

सिरसा गांधी नगर निवासी नर्तक विवेक कुमार ने कठौली गांव के नरेंद्र कुमार उर्फ छोटू प्रजापति पर लगाया सनसनीखेज आरोप,कहा लगभग तीन वर्ष पूर्व मंदिर में किया था शादी,आरोपी बतौर पत्नी तीन माह रखा अपने घर, बनाया अप्राकृतिक संबंध,अब रचा रहा है दूसरी शादी,12 मई को जानी है बारात

**अखंड भारत संदेश**

### पीड़ित नर्तक ने एसडीएम मेजा और एसीपी मेजा को शिकायती पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार





**मेजा।** शादी का झांसा देकर एक नर्तक से लाखों की ठगी शारीरिक शोषण और हत्या करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित नर्तक विवेक कुमार ने कठौली गांव निवासी आरोपी नरेंद्र कुमार प्रजापति उर्फ छोटू पर गंभीर आरोप लगाते हुए मेजा पुलिस को तहरीर दी है। पीड़ित का कहना है कि वह शादी समारोह और झांकियों में नृत्य कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है।उसके मुताबिक वर्ष 2021में एक शादी समारोह के दौरान उसकी मुलाकात आरोपी नरेंद्र कुमार प्रजापति उर्फ छोटू पुत्र स्व.नंदलाल प्रजापति निवासी कठौली थाना मेजा से हुई थी। जिसके बाद दोनों के बीच बातचीत और नजदीकियां बढ़ीं। आरोप है कि नरेंद्र उर्फ छोटू प्रजापति ने उसे ह्ललड़का से लड़की बनानेह्व और शादी करने का झांसा देकर अपने जाल में फंसा लिया। इतना ही नहीं नर्तक ने वर्ष 2024 में एक मंदिर में आरोपी से हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार विवाह कर उसे अपने घर ले जाने और बतौर पति पत्नी की भांति तीन माह तक आरोपी के घर रहने का दावा किया है। इस दौरान दोनों करीब तीन साल तक साथ रहे। मेजा पुलिस को दी गई तहरीर में नर्तक विवेक का आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने उसे नशीली व हार्मोन संबंधी दवाएं खिलाकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा, साथ ही साथ लिंग परिवर्तन और इलाज के नाम पर कई किस्तों में करीब आठ लाख रुपये भी ऐंठ लिया है। पीड़ित नर्तक ने आरोपी के परिजनों की संलिप्तता का भी आरोप लगाया है।

### नर्तक से शादी करने के बाद दूसरी शादी करने रचाने की तैयारी को लेकर बढ़ा विवाद

उल्लेखनीय है कि नर्तक विवेक का मामला उस समय तूल पकड़ लिया जब आरोपी ने अपनी दूसरी जगह शादी तय कर ली, जिसकी बारात 12 मई 2026 को जानी है। ऐसे में पीड़ित विवेक का आरोप है कि उसके द्वारा दूसरी शादी का विरोध करने पर आरोपी पक्ष के लोगों ने उसे जातिसूचक गालियां और जान से मारने की धमकी दी और 10 मई को उसके घर में घुसकर साक्ष्य मिटाने और मोबाइल फोन तोड़ने का भी आरोप पीड़ित ने लगाया है। इस संबंध में पीड़ित नर्तक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को जरिए स्पीड पोस्ट शिकायती पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। उसका कहना है कि यदि उसके साथ कोई अनहोनी जैसी वारदात होती है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आरोपी और उसके परिजनों की होगी।हालांकि इस सनसनीखेज मामले में पीड़ित विवेक के अनुसार उसने एसीपी मेजा कार्यालय में तहरीर दे दी है।

### मामले में क्या कहते हैं पुलिस के जिम्मेदार अधिकारी ?

तहरीर मिलने की जानकारी नहीं है। मैं उस समय इमरजेंसी मीटिंग में था। जानकारी के अनुसार प्रकरण गंभीर है तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

-एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय

# विश्व मातृदिवस पर डॉ पूर्णिमा पाण्डेय पूर्णा को मिला साहित्य रत्न सम्मान

### साहित्यांजलि प्रकाशन प्रयागराज द्वारा साहित्यकार सत्कारः आपके द्वार योजना में हुआ अभिनंदन




**प्रयागराज।** मौलिक विचार एवं साहित्यिक सर्जना की प्रतिनिधि पत्रिका साहित्यांजलि प्रभा द्वारा प्रवर्तित लोकप्रिय प्रकाशन संस्थान साहित्यांजलि प्रकाशन की ओर से प्रत्येक माह में दिया जाने वाला साहित्य रत्न सम्मान इस माह प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ पूर्णिमा पाण्डेय पूर्णा को दिया गया ।

प्रीतम नगर स्थित डॉ पूर्णिमा पाण्डेय पूर्णा के आवास पर वरिष्ठ साहित्यकार श्रीमती विजयलक्ष्मी विभा की अध्यक्षता एवं ख्यातिलब्ध साहित्यकार डॉ उषा मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया । अतिविशिष्ट अतिथि सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ जया मोहन एवं अतिथि साहित्यकार रचना सक्सेना मंच पर विराजमान रहीं । स्वागत वंदना डॉ योगेंद्र कुमार मिश्र विश्वबंधु तथा डॉ राम लखन चौरसिया वागीश द्वारा किया गया। पंडित राकेश मालवीय मुस्कान ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की । डॉ राम सुख यादव , शम्भूनाथ श्रीवास्तव शंभु , रंजन पाण्डेय , श्याम फतनपुरी, राकेश कुमार पाण्डेय , अश्विन पाण्डेय ,सुधीर कुमार तिवारी , जयश्री शुक्ला , पूनम पांडेय एवं अन्य कई वरिष्ठ रचनाकारों की गरिमा पूर्ण उपस्थिति में डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय के संचालन में डॉ पूर्णिमा पाण्डेय पूर्णा जी को साहित्यांजलि प्रकाशन प्रयागराज द्वारा साहित्य रत्न सम्मान पत्र , प्रतीक चिन्ह , अंगवस्त्र , मोतीमाल व साहित्य प्रदान किया गया। इस अवसर पर मंच संचालक डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय को भी शाल ओढ़ाकर राकेश कुमार पाण्डेय ने सम्मानित किया। उपस्थित कवियों ने मातृदिवस पर अपनी रचनाएं प्रस्तुत किया। सम्मानित साहित्यकार डॉ पूर्णिमा पाण्डेय पूर्णा ने कहा कि यह क्षण मेरे लिए अत्यंत गौरव पूर्ण है। सभी मंचासीन अतिथियों ने पूर्णिमा पाण्डेय जी को अपनी शुभकामनाएं दीं ।

# मेजारोड सोरांव गांव के समीप दर्दनाक सड़क हादसा में पिता पुत्री की मौत, चचेरा भाई घायल

मृतक संजय सोनकर अपनी मासूम बेटी और चचेरे भाई के साथ बसहरा गांव में भतीजी की विदाई में शामिल होने गए थे घर वापस लौटते समय मेजारोड - रामनगर बाईपास रोडपर सोरांव गांव के समीप बाइक दीवार से टकराने से देरशाम हुआ हादसा

**मेजा।** बीते रविवार को देर शाम एक सड़क हादसे में पिता-पुत्री की जहां दर्दनाक मौत हो गई, वहीं एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को हुई पूरे परिवार में मातम पसर गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के पकरी सेवार गांव निवासी कोटेदार संजय सोनकर (35) रविवार को अपनी तीन वर्षीय बेटी लाडली और चचेरे भाई बहादुर (15) के साथ बाइक से बसहरा गांव में भतीजी की विदाई समारोह में शामिल होने गए थे। बताते हैं कि विदाई के बाद तीनों बाइक से देर शाम वापस घर लौट रहे थे बताया जाता है कि तीनों बाइक सवार जैसे ही मेजारोड - रामनगर बाई पास मार्ग पर सोरांव गांव के सामने पहुंचे अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक मकान की दीवार से टकरा गई, टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों गंभीर रूप से घायल हो लहूलुहान हो गए। सूचना मिलने पर आनन फानन मेजारोड चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया,जहां डॉक्टरों ने संजय को मृत घोषित कर दिया तथा गंभीर रूप से घायल मासूम लाडली और बहादुर को एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया गया,जहां इलाज के दौरान मासूम लाडली ने भी दम तोड़ दिया जबकि बहादुर की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। गौरतलब है कि मेजारोड सोरांव गांव के समीप देर रात हुए इस सड़क हादसे से पल भर में परिवार की खुशियां मातम में बदल गई। मृतक संजय सोनकर की पत्नी पूनम सोनकर ने बताया कि मदर्स-डे पर रात में घर में विशेष कार्यक्रम की तैयारी थी। सुबह जाते समय संजय ने जल्द लौटकर परिवार के साथ मदर्स-डे दिवस मनाने की बात कही थी, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। फिलहाल इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में जहां शोक की लहर है वहीं पिता और पुत्री की मौत से परिवार वालों का तो रो बुरा हाल है।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट में स्व-गणना अभियान की शुरूआत, न्यायाधीशों ने किया पंजीकरण



**प्रयागराज।** स्व-गणना अभियान के तहत सोमवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली सहित कई न्यायाधीशों ने स्वयं अपनी स्व-गणना प्रक्रिया पूरी की। इस दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को भी स्व-गणना के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा, न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह, न्यायमूर्ति एम.सी. त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन ने भी स्व-गणना में भाग लिया। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जनगणना प्रक्रिया में अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर निदेशक एवं मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी, जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी प्रयागराज, नगर आयुक्त एवं अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी प्रयागराज, अपर नगर आयुक्त एवं नगर जनगणना अधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी (एफ/आर) एवं जिला जनगणना अधिकारी प्रयागराज भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने अभियान की सफलता के लिए आपसी समन्वय पर जोर दिया। कार्यक्रम में प्रदेशवासियों से अपील की गई कि वे स्व-गणना पोर्टल पर जाकर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करें और प्रक्रिया पूरी होने पर प्राप्त रएकऊको सुरक्षित रखें। अधिकारियों ने यह भी कहा कि जब जनगणना कर्मी घर-घर सर्वेक्षण के लिए पहुंचें तो संबंधित लोग यह आईडी साझा करें। अधिकारियों के अनुसार स्व-गणना अभियान से न केवल जनगणना प्रक्रिया को गति मिलेगी, बल्कि डेटा संग्रहण भी अधिक सटीक और प्रभावी होगा।

# कंपोजिट विद्यालय असरावे खुर्द में हुआ भव्य कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज ।** सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र नई दिल्ली संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा प्रशिक्षित शिक्षक पंकज कुमार त्रिपाठी, सहायक अध्यापक कम्पोजिट विद्यालय पारनडीह विकास खंड सहसों प्रयागराज द्वारा बच्चों एवं शिक्षकों में भारतीय संस्कृति के विविध आयामों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र द्वारा प्राप्त सामग्री के कार्यक्रम में प्रस्तुतीकरण करते हुए समुदाय एवं पर्यावरण में विलुप्त हो रहे जानवरों, पक्षियों, ऐतिहासिक इमारतों यथा राजस्थान के दुर्ग, महल तथा हवेलियों के बारे में, ऐतिहासिक नृत्यो यथा भारतनाट्यम नृत्य, कत्थक नृत्य, पुरुलिया पश्चिमी बंगाल का छऊ नृत्य, आसाम के सत्तरिया नृत्य, बच्चों के द्वारा खेले जाने वाले पारंपरिक खिलौनों और संग्रहालयों की शिक्षा में भूमिका। ऐतिहासिक इमारतों यथा आर्किटेक्चर ऑफ दिल्ली, विश्व प्राकृतिक संपदा भारत सुंदरवन राष्ट्रीय उद्यान, केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान में विलुप्त हो रहे जानवरों, पंछियो, के सरंक्षण के लिए लोगो मे जन जागरूकता फैलाते हुए विस्तृत जानकारी दी गई। ऐतिहासिक इमारतें जैसे दिल्ली का लाल किला, राष्ट्रपति भवन, संसद भवन, कुतुब मीनार, लौह स्तंभ लोटस मंदिर, दीवाने आम, दीवाने खास की सटीक जानकारी देते हुए उनकी समझ का विकास किया गया साथ ही साथ भारत के विभिन्न भागों में पाए जाने वाले वाले अभयारण्य और उसमें पाए जाने वाले जानवरों एवं विलुप्त हो रहे जानवरों ,पशुओं, पक्षियों आदि के बारे में जानकारी देते हुए उनके प्रति जागरूक किया गया की ऐसे जानवरों और पक्षियों को कैसे बचाया जाए साथ ही साथ पारम्परिक खिलौनों के बारे में जो भारत देश के विविध भागों में बनते है उनको बनाने वाले कारीगरों की दशा के बारे में प्रारंभिक शिक्षा में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर करने मे पुतली कला के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु बातचीत की गई इस कार्यक्रम में कंपोजिट विद्यालय असरावे खुर्द के समस्त बच्चों ( लगभग 250 बच्चों) सहित प्रधानाध्यापक रीता भारतीया, मंजू श्रीवास्तव, सबा यास्मीन, श्रद्धांजलि, आरती चौरसिया, सविता पाण्डेय, पारुल श्रीवास्तव आदि शिक्षकों ने अपने ज्ञान का वर्धन किया। कार्यक्रम में नेशनल मेंटर शत्रुञ्जय शर्मा भी उपस्थित रहे।

# काफी मशीन में ब्लास्ट से किशोर की दर्दनाक मौत

**अखंड भारत संदेश**





**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के बहुता गांव में रविवार की रात खुशियों का माहौल उस समय चीख-पुकार में बदल गया जब बारात समारोह में लगी काफी मशीन अचानक तेज धमाके के साथ फट गई। हादसे की चपेट में आने से 15 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से झुलस गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बहुता गांव निवासी आदर्श वर्मा के यहां आई बारात में शामिल होने गांव निवासी उदयभान भरमा का पन्द्रह वर्षीय पुत्र विपिन वर्मा रविवार की रात गया था। बारात में मेहमानों के लिए काफी मशीन लगाई गई थी। इसी दौरान अचानक मशीन में जोरदार ब्लास्ट हो गया। धमाका इतना तेज था कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए। मशीन के बेहद करीब खड़ा विपिन गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने प्रयागराज रेफर कर दिया। प्रयागराज में इलाज के दौरान सोमवार भोर करीब 3 बजे किशोर ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सोमवार सुबह जब शव गांव पहुंचा तो पूरे गांव की आंखें नम हो गईं। मृतक विपिन कक्षा आठवीं का छात्र था। वह गांव के ही एक विद्यालय में पढ़ाई करता था। पिता उदयभान वर्मा खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। विपिन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। बड़ा भाई अभिषेक वर्मा है। जबकि बहने ममता और सुषमा का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग भी इस दर्दनाक हादसे से स्तब्ध हैं।

## बाजार गयी युवती को बहला फुसलाकर भगा ले गया आरोपी

**प्रतापगढ़।** घर से बाजार जाने की बात कहकर निकली युवती संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गयी। मामले में एक आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि नौ मई को बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थी। इसके बाद वह लापता हो गयी। अगले दिन जानकारी हुई कि रायबरेली जिले के छतोह पूरे रानी निवासी राजेन्द्र कुमार उर्फ रिंकू युवती को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। पीड़िता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए बेटी को बरामद करने की पुलिस से गुहार की है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर पीड़िता व आरोपी की तलाश कर रही है।

# पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से हमला, हालत गंभीर

**अखंड भारत संदेश**

**कुंडा।** बाघराय थाना क्षेत्र के शकरदहा चौकी अंतर्गत पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाघराय में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, शकरदहा के बलवंत सिंह का पुरवा निवासी राहुल पुत्र सोहनलाल कमोली बिरभानपुर से वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के पास पहले से घात लगाए बैठे रोमित (20) पुत्र विजय कुमार ने पुरानी रंजिश को लेकर राहुल से विवाद शुरू कर दिया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई और आरोपी ने राहुल पर ताबड़तोड़ चाकू से कई वार कर दिए। हमले में राहुल लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़ा। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना देते हुए घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाघराय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है। सूचना मिलते ही बाघराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। थाना प्रभारी श्रवण कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर प्राप्त हो गई है, मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## न्यूज झरोखा

### अनुश्री, आराध्या ने परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर बढ़ाया मान





**बेलखरनाथ धाम।** प्रतापगढ़ पट्टी तहसील क्षेत्र के ठाकुर श्याम सुंदर सिंह इंटर कालेज गजरिया के छात्र छात्राओं ने हाई स्कूल में अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय व गांव का नाम रोशन किया किया है। छात्र छात्राओं की इस कामयाबी पर विद्यालय परिवार ने खुशी जताई है।विद्यालय के छात्र नीलांश शुक्ल ने यूपी बोर्ड के हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में 90॰अनुश्री यादव 89 प्रतिशत व आराध्या सरोज ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व गांव का मान बढ़ाया है।उसकी कामयाबी पर प्रधानाचार्य सुरेश कुमार सरोज प्रधानाध्यापक मोहम्मद हददीश सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### आरोपी को पुलिस ने दबोचा- दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में हुई कार्रवाई




**पट्टी।** पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के गंभीर मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर आरोपी को हरिपुर बरदैता स्थित शंकर ईंट भट्ठा के पास से दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि आरोपी नाबालिग को बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया था। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आई और मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई थी। लगातार दबिश और निगरानी के बाद आखिरकार पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी आलोक कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी पट्टी आनन्द पाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सफलता हासिल की।गिरफ्तार आरोपी की पहचान दीपक कुमार सहानी पुत्र रामसुवास सहानी निवासी रामपुर महुअवा थाना धुधली जनपद महाराजगंज के रूप में हुई है। आरोपी की उम्र करीब 23 वर्ष बताई जा रही है।पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ थाना पट्टी में धारा 64(1)॰137(2)॰87 बीएनएस एवं 3॰4 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय भेजने की कार्रवाई की जा रही है।इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार, हेड कांस्टेबल शत्रु शुक्ला, कांस्टेबल अभिषेक गौतम और कांस्टेबल अरविन्द कुमार भारती शामिल रहे

### मॉर्निंग वॉक पर निकले बुजुर्ग को वाहन ने मारी टक्कर



**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के सधईपुर देहात निवासी छोटेलाल पुष्पजीवी सोमवार सुबह करीब 6 बजे मॉर्निंग वॉक के लिए नहर की तरफ गए थे। इसी दौरान किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद छोटेलाल लापता हो गए, जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद पट्टी थाने पहुंचकर तहरीर दी और थाना प्रभारी को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मामले में जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसी बीच परिजनों को जानकारी मिली कि हादसे के बाद आरोपी छोटेलाल पुष्पजीवी को पट्टी से विश्वनाथगंज की तरफ ले गए, जहां से एंबुलेंस बुलाकर उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया और आरोपी मौके से फरार हो गए। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उनकी हालत बेहद गंभीर बताई। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें तत्काल प्रयागराज रेफर कर दिया गया। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश और चिंता का माहौल बना हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### झूला झूलते समय पेड़ गिरने से बालिका घायल

**कुंडा।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के गोतनी गांव निवासी राजेश कुमार सोनकर की 10 वर्षीय बेटी प्रियांशी रविवार शाम घर के पास पेड़ में झूला डाल कर झूल रही थी। तभी झूले के झटके से पेड़ जड़ से उखड़ कर गिर गया। जिसकी चपेट में आने से वह गंभीर घायल हो गई। घबराए परिजन प्रियांशी को सीएचसी ले आए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने स्वरुप रानी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया। प्रधान प्रतिनिधि राम अभिलाष प्रजापति ने बताया कि घायल का इलाज प्रयागराज में चल रहा है, परिजनों के मुताबिक वह खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### रंजिशन महिला को पीटा

**कुंडा।** हथिगवां थाना क्षेत्र के सरांय सैद खां गांव निवासी मो. निसार की 35 वर्षीय पत्नी शमा बानो को मोहल्ले के ही कुछ लोगों ने रंजिश में गालियां देते हुए मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। परिजनों ने घायलों को सीएचसी में इलाज करा आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी है।

### जहरीला पदार्थ खाने से विवाहिता की हालत बिगड़ी

**पट्टी।** तहसील क्षेत्र में सोमवार शाम उस समय हड़कंप मच गया जब एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन आनन–फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार कांधरपुर गांव निवासी प्रियंका विश्वकर्मा पत्नी राजेश विश्वकर्मा ने सोमवार शाम करीब 4 बजे किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। थोड़ी ही देर में उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी और वह बेहोशी की हालत में पहुंच गई। परिजनों ने तत्काल उसे सीएचसी पट्टी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उपचार जारी है।घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई। फिलहाल जहरीला पदार्थ खाने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। परिजन भी मामले में कुछ बताने से बचते नजर आए। मामले में डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि महिला द्वारा किसी जहरीले पदार्थ के सेवन की आशंका है। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# स्कूल में सेंधमारी कर लाखों का सामान उड़ाने वाला चोर गिरफ्तार




**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र में विद्यालय में हुई बड़ी चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया खेल सामग्री और अन्य सामान बरामद हुआ है। पुलिस की कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। बीती 8 जनवरी 2026 की रात अज्ञात चोरों ने स्कूल की पीछे की दीवार फांदकर अंदर प्रवेश किया और दरवाजे का ताला तोड़कर लाखों रुपये का सामान पार कर दिया था। चोर स्कूल से 6 कंप्यूटर सेट, सिलाई मशीन, खेल सामग्री, गणित-विज्ञान किट, स्टेशनरी, बेडशीट, कुशन समेत कई जरूरी सामान उठा ले गए थे। घटना के बाद स्कूल प्रशासन में हड़कंप मच गया था। थाना आसपुर देवसरा में मुकदमा दर्ज कर पुलिस लगातार चोरों की तलाश में जुटी थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने धनेपुर से तिबीपुर जाने वाली सड़क के पास से आरोपी जोशी वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसने साथियों के साथ मिलकर स्कूल में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।आरोपी ने पुलिस को बताया कि चोरी के बाद उसके हिस्से में आए फुटबॉल, बैडमिंटन, चिड़िया और बेडशीट को उसने बंद पड़े तिबीपुर ईंट भट्ठे के पास मलबे में छिपा दिया था। रविवार को वह उसी सामान को निकालने पहुंचा था, तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद कर लिया गया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान जोशी वर्मा पुत्र शीतला प्रसाद वर्मा निवासी हरदतपुर थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी पर पहले से भी मारपीट और धमकी का मुकदमा दर्ज है।पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत यह सफलता मिली। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी आलोक कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी राकेश कुमार चैरसिया के नेतृत्व में उपनिरीक्षक कृष्णानन्द श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक सचिन कुमार और कांस्टेबल अरविन्द यादव की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

# भीषण गर्मी में जवानों को मिली राहत, 'बीट द हीट' अभियान के तहत ग्लूकोज का वितरण




**प्रतापगढ़।** भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं तरुण चेतना संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से ह्यबीट द हीटह्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष पहल के अंतर्गत जनपद के विभिन्न चैराहों पर मुस्तैदी से ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक पुलिस, होमगार्ड और पीआरडी जवानों को डाबर इंडिया के सहयोग से ह्यग्लूकोज-डीह्ण का वितरण किया गया। अभियान का औपचारिक उद्घाटन क्षेत्राधिकारी यातायात ए. के. राय द्वारा चिलबिला चैराहे पर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि चिलचिलाती धूप में यातायात व्यवस्था सुचारू रखना चुनौतीपूर्ण कार्य है। ऐसे में स्वास्थ्य का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। राय ने कहा कि भीषण गर्मी में लगातार ड्यूटी कर रहे जवानों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। इस ह्यबीट द हीटह्ण कार्यक्रम के दौरान शहर के सदर, घंटाघर मुख्य चैराहों और व्यस्त मार्गों पर तैनात जवानों को ग्लूकोज के पैकेट व बोतल उपलब्ध कराए गए, जिसका उद्देश्य ड्यूटी के दौरान जवानों को डिहाइड्रेशन (निर्जलीकरण) और हीट स्ट्रोक से बचाना। कार्यक्रम का समापन अपर जिलाधिकारी आदित्य प्रजापति द्वारा कलेक्ट्रेट में तैनात होमगार्ड जवानों को ह्यग्लूकोज-डीह्ण वितरित कर किया गया। उन्होंने इस अवसर पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं तरुण चेतना संस्थान के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से जनहित के ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। साथ ही अपर जिलाधिकारी ने आम जनमानस से भी अपील की कि गर्मी के इस मौसम में सावधानी बरतें और पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन समय-समय पर करते रहे। उन्होंने लोगों से भी गर्मी के दौरान सावधानी बरतने तथा हीट वेव से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की। इस अवसर आपदा विशेषज्ञ जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अनुपम शेखर तिवारी एवं तरुण चेतना संस्थान के निदेशक नसीम अंसारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में तरुण चेतना के कर्मी सहित जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, प्रतापगढ़ के कई आपदा मित्रों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## अधिमास से पहले सोमवार पर बाबा धाम में दर्शन पूजन को उमड़े श्रद्धालु

**लालगंज।** बाबा घुइसरनाथ धाम में अधिमास से पहले पड़ने वाले सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखी। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का जमावड़ा लग गया। बाबा के जयकारे के साथ लोग जलाभिषेक करते दिखे। वहीं दिन भर बडी संख्या में श्रद्धालु झण्डा व घंटा चढ़ाने के लिए भी मंदिर पर डीजे व गाजे बाजे के साथ पहुंचे। भारी भीड़ के चलते पुलिस को भी पसीना बहाना पड़ा। वाहनों की अधिक संख्या में मंदिर परिसर से समीप पहुंचने से दिन भर जाम की स्थिति बनी रही। उधर अधिमास को लेकर मेला परिसर भी गुलजार होने लगा है। मंदिर परिसर के आसपास बड़े बड़े झूले व खिलौने की दुकानें सजने लगी हैं। सांगीपुर थानाध्यक्ष गौरव त्रिवेदी ने बताया कि अधिमास में श्रद्धालुओं को दर्शन को सरल बनाने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा।

# मुठभेड़ एटीएम बदलकर ठगी करने वाले दो शातिर बदमाश घायल

## अवैध असलहा, कारतूस व बगैर नंबर की ब्रेजा कार बरामद



**बेलखरनाथ धाम।** दिलीपपुर थाना क्षेत्र में रविवार की मध्यरात्रि को पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें जबाबी फायरिंग में में दो बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने इनके पास से अवैध असलहा कारतूस व बगैर नंबर की ब्रेजा कार बरामद किया है। घायल बदमाशों को इलाज के लिए जिला मेडिकल कालेज भर्ती कराया गया है।

क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी ने बताया कि दिलीपपुर पुलिस व स्पेशल टीम रसोइया मोड़ पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी बिना नंबर प्लेट की ग्रे रंग की ब्रेजा कार को रोकने का प्रयास किया गया। चालक ने पुलिस टीम को कुचलने की कोशिश की और तेज रफ्तार से वाहन भगा दिया। पीछा करने पर कार शहीद स्मारक गेट से जंगल की ओर भागी और पुलिया से टकराकर गड्ढे में फंस गई। कार से उतरते ही दोनों बदमाशों ने पुलिस पर जानलेवा फायरिंग शुरू कर दी।आत्मरक्षा में पुलिस की जवाबी फायरिंग से दोनों बदमाशों के दाहिने पैर में गोली लगी। घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मोहम्मद आफताब निवासी बासुपुर व नौशाद अली निवासी तिलौरी, थाना लीलापुर के रूप में हुई। दोनों ने कबूला कि वे सीधे-साधे लोगों का एटीएम कार्ड बदलकर महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश व यूपी समेत कई राज्यों में धोखाधड़ी से रुपये निकालते थे। पुलिस ने मौके से 2 तमंचा 315 बोर, 2 जिंदा कारतूस, 4 खोखा व 1 मिस कारतूस बरामद किए। नौशाद के पास से 11,600 नकद, 2 एटीएम कार्ड व 2 आधार कार्ड मिले। आफताब के पास से 6,558 नकद, 4 एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी, आधार कार्ड व आरसी बरामद हुई। घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की ब्रेजा कार भी कब्जे में ली गई है। क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज रघुवंशी ने बताया कि आफताब पर लालगंज थाने में हत्या के प्रयास, लूट समेत 4 मुकदमे दर्ज हैं। नौशाद पर जौनपुर के मछलीशहर थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज है। दिलीपपुर थाने में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## सड़क हादसों में पांच लोग घायल

**कुंडा।** हथिगवां थाना क्षेत्र के तिगुनाइत का पुरवा बेती गांव निवासी कल्लू का 30 वर्षीय बेटा भल्लू बाइक से जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। रुप का पुरवा बेंती गांव निवासी संतलाल का 35 वर्षीय बेटा हिमांशु बाइक से जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। कोतवाली के गोबरा लरु गांव निवासी नदंलाल का 25 वर्षीय बेटा अवधेश कुमार बाइक से जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। नगर पंचायत कुंडा के हनुमत नगर मोहल्ला निवासी धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव की 58 वर्षीय पत्नी कुमुदलता श्रीवास्तव अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गईं।महेशगंज थाना क्षेत्र के राजापुर विंधन गांव निवासी महेन्द्र प्रताप का 27 वर्षीय बेटा रुद्र प्रताप बाइक से जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी भेजा।

# संघ की मजबूती व अधिवक्ता हितों पर खरा उतरने की प्रत्याशियों ने खाई सौगन्ध



**लालगंज।** तहसील पार्क मे सोमवार को संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव के ठीक एक दिन पहले हुए प्रत्याशियों के परम्परागत दक्षता भाषण में अध्यक्ष समेत नौ पदों के चालीस प्रत्याशियों ने साथियों से समर्थन की गुहार लगायी। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा महामंत्री के पद पर किस्मत आजमा रहे प्रत्याशियों ने इशारे इशारे में एक दूसरे पर कटाक्ष भी किये। वहीं प्रत्याशियों का भाषण सुन रहे साथियों ने बीच बीच में तालियां बजाकर उत्साहवर्धन भी किया। आज मंगलवार को मतदान एवं मतगणना को लेकर दक्षता भाषण के दिन दीवानी तथा तहसील परिसर में चुनावी गहमागहमी का माहौल दिखा। प्रारम्भ में चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने अधिवक्ताओं को मतदान की व्यवस्था को लेकर बिंदुवार जानकारियां प्रदान की। उन्होनें भरोसा दिलाया कि चुनाव समिति मतदान और मतगणना की पारदर्शिता व निष्पक्षता पर पूरी तरह खरी उतरेगी। संचालन पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र ने किया। संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने स्वागत तथा एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्र ने आभार जताया। वहीं आज मंगलवार को होने वाले संयुक्त अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों के चुनाव को लेकर समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि प्रातः आठ बजे से अपरान्ह तीन बजे तक मतदान होगा। इसके बाद साढ़े तीन बजे के बाद मतगणना शुरू होगी। मतगणना के ठीक बाद चुनाव परिणामों की घोषणा भी होगी। उन्होने बताया कि इस बार संघ के चुनाव में छः सौ सतहत्तर अधिवक्ता मतदान करेंगे। इस बार सभी पदों पर दिलचस्प मुकाबला है। इसके कारण मतगणना के देर रात तक जारी रहने की संभावना भी है। इसे देखते हुए प्रशासन ने भी शांति व्यवस्था के प्रबन्ध पुख्ता किये हैं। चुनाव समिति के महामंत्री वीरेन्द्र सिंह अगई, शिवाकांत उपाध्याय, रामलगन यादव, संतोष पाण्डेय, शैलेन्द्र चतुर्वेदी, पूर्व अध्यक्ष राव वीरेन्द्र सिंह, राममोहन सिंह, राधारमण शुक्ल, अजय शुक्ल गुडडू दक्षता भाषण के आयोजन के प्रबंधन में मशक्कत करते दिखे। इधर संयुक्त अधिवक्ता संघ के आज होने वाले मतदान को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था भी कड़ी की गयी है। नगर में अधिवक्ताओं के चुनाव को देखते हुए भारी वाहनों का नेशनल हाइवे पर रूटडायवर्जन भी प्रशासन द्वारा कराया जाएगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की मौत

**कुंडा।** संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की हालत बिगड़ने पर घबराए परिजन उसे सीएचसी ले गए। सीएचसी में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घबराए परिजन बगैर पुलिस को खबर दिए शव लेकर चले गए। मानिकपुर थाना क्षेत्र के मऊदारा गांव निवासी दुर्गा प्रसाद तिवारी की 14 वर्षीय बेटी स्वाती तिवारी की रविवार शाम अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ गई। घबराए परिजन उसे सीएचसी ले गए। सीएचसी में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बगैर पुलिस को खबर दिए शव लेकर चले गए। इंस्पेक्टर नरेन्द्र सिंह ने कहा कि सीएचसी से सूचना मिलने पर पुलिस को उसके घर भेजा, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। पता चला कि उन्होंने मृतका के शव का अंतिम संस्कार प्रयागराज कर दिया है। किशोरी की मौत को लेकर चर्चा रही।

### जेपी की श्रद्धांजलि सभा में नम हुई आंखे

**कुंडा।** जेपी सेवा संस्थान के अयोजकत्व में सोमवार को संस्था द्वारा शिक्षा जगत में अप्रतिम सहयोग हेतु समर्पित शिक्षक जगनायक प्रसाद द्विवेदी की 27वीं पुण्यतिथि झींगुर कोट में मनाई गई। संस्थान की अध्यक्षा सुमन द्विवेदी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि रजत जयंती वर्ष में भूमि वंदन के द्वारा गैर उपजाऊ जमीन को उपजाऊ बनाने में संस्थान ने अपना तकनीकि सहयोग देकर किसानों की खुशहाली में कार्य किया। संस्था शीघ्र ही उनकी स्मृति में अस्पताल के निर्माण की योजना को मूर्तरूप देने हेतु अग्रसर है। पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा डा. नवीन निश्चल शुक्ल ने दिवंगत जेपी को उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अनेक प्रकार के सहयोग सहित विद्यालय निर्माण हेतु जमीन देने के कार्य की सराहना करते हुए अमर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसके पूर्व उपस्थित लोगों ने जेपी के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीपदान कर उन्हें नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि दिया। श्रद्धांजलि सभा में विजय कुमार द्विवेदी, सुरेंद्र कुमार द्विवेदी, शिवाजी द्विवेदी , आरएसएम के जिला मंत्री अरुण कुमार द्विवेदी, दिनेश कुमार मौर्य, हरिओम द्विवेदी , विकास , पार्थ , रौनक , अक्षर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### घर में लगी आग, तीन लोग झुलसे

**लालगंज।** संदिग्ध दशा में घर में लगी आग के कारण तीन लोग गम्भीर रूप से झुलस गये। उदयपुर थाना के रतियापुर गांव निवासी मुकेश पाण्डेय (35) पुत्र धर्मेन्द्र पाण्डेय के घर में रविवार को दोपहर करीब बारह बजे संदिग्ध स्थिति में आग लग गयी। आग बुझाने के प्रयास में मुकेश कुमार व पत्नी नेता तथा भाभी निवेदिता झुलस गये। आनन फानन में इन्हें इलाज के लिए सांगीपुर सीएचसी लाया गया। गांव में दबी जुबान से चर्चा देखी सुनी गयी कि गृह कलह से परेशान मुकेश ने पेट्रोल छिड़क कर आग लगा लिया। थानाध्यक्ष उदयपुर का कहना है कि घटना की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

## इन्वर्टर सही कर रहा युवक आया करंट की चपेट में

**पट्टी।** इनवर्टर ठीक कर रहा युवक अचानक करंट की चपेट में आ गया। हादसे के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई और आनन-फानन में एंबुलेंस बुलाकर युवक को अस्पताल पहुंचाया गया। भाटपट्टी गांव निवासी युसूफ खान का पुत्र शादाब खान (19) रविवार शाम करीब घर में लगे इनवर्टर की मरम्मत कर रहा था। इसी दौरान अचानक करंट प्रवाहित हो गया और वह उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार करंट लगते ही युवक जमीन पर गिर पड़ा, जिससे घर में हड़कंप मच गया। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में इलाज चल रहा है।मामले में डॉक्टर पंकज कुमार ने बताया कि युवक करंट की चपेट में आने से गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया है, उसका उपचार किया जा रहा है।

# कौशाम्बी संदेश

# जिलाधिकारी ने ग्राम पाता में भूमि विवाद की शिकायतों का मौके पर ही कराया निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत सोमवार को तहसील मंझनपुर की ग्राम पाता में आयोजित कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का स्थलीय सत्यापन किया एवं ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जिलाधिकारी ने भूमि से संबंधित मामलों में दोनों पक्षों को सुना तथा उप जिलाधिकारी आकाश सिंह को मौके पर जाकर समस्या को निस्तारित करने के निर्देश दिए।कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने शिकायतकर्ता अली रजा की शिकायत पर आराजी संख्या 1430 मि0 की मौके पर पैमाइस कर भूमि चिन्हित किया तथा विपक्षी को अवैध हस्तक्षेप करने से मना कर दिया शिकायतकर्ता बिटोला देवी ने आराजी संख्या 1430 मि0 में भूमि बैनामा से क्रय की थी, किंतु इसी आराजी संख्या में शत्रु संपत्ति के लिए रिक्त भूमि पर शिकायतकर्ता द्वारा निर्माण करने का प्रयास किया जा रहा था। राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने शिकायतकर्ता को अवगत कराया कि धारा 116 का वाद योजित करके अनुतोष प्राप्त करें।

## अलावलपुर टिकरी में भूमि विवाद की 04 शिकायतों का एडीएम ने मौके पर कराया निस्तारण

**कौशांबी।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ओम प्रकाश ने टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत आज तहसील सिराथू की ग्राम अलावलपुर टिकरी में आयोजित कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का स्थलीय सत्यापन किया एवं ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम की गाटा संख्या गाटा 01, जो खतौनी में तालाब की भूमि दर्ज हैं, को चिन्हांकित कर अतिक्रमणमुक्त कराया। इसी प्रकार शिकायतकर्ता केशपति की भूमिधरी गाटा संख्या 126/127 का बंटवारे का मौके पर अनुपालन कराया गया। इसके साथ ही खाद के गड्ढे को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## ग्राम खोपा में भूमि विवाद की 02 शिकायतों का एसडीएम ने मौके पर कराया निस्तारण

**कौशांबी।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार उप जिलाधिकारी चायल अरुण कुमार ने टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत सोमवार को ग्राम खोपा में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित कुल 02 शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया।कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने शिकायतकर्ता सुरेंद्र कुमार केसरवानी को आपसी बंटवारा के संबंध में अवगत कराया गया कि उप जिलाधिकारी न्यायालय में धारा 116 के तहत वाद योजित कर अनुतोष प्राप्त करें। उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## आलमचंद गांव आने से पूर्व सांसद तनुज पुनिया को पुलिस द्वारा उनके आवास पर किया गया हाउस अरेस्ट



**कौशांबी।** विगत दिनों कौशाम्बी जनपद के चायल विधानसभा अन्तर्गत ग्राम आलमचंद निवासी पूर्व प्रधान स्व० मनोज हेला की कुछ दिन पूर्व गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी इसी क्रम में सोमवार को उनके शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त करने हेतु सांसद बाराबंकी एवं प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस तनुज पुनिया का आगमन कौशाम्बी के ग्राम आलमचंद में हो रहा था जहां वो पीड़ित परिजनों से मुलाकात करने व संवेदना व्यक्त करने आ रहे थे । लेकिन इसके पूर्व उन्हें लखनऊ आवास से ही पुलिस द्वारा हाउस अरेस्ट कर लिया गया।इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष कौशाम्बी गौरव पाण्डेय ने कहा कि सरकार के इशारे पर कांग्रेस नेताओं को इस प्रकार अरेस्ट करना बेहद निंदनीय है क्या लोकतंत्र में पीड़ित परिवार से मिलना,उनका दुःख साझा करना एवं न्याय की मांग करना गलत है, यह प्रदेश सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है प्रदेश में लगातार अत्याचार,उत्पीड़न एवं हत्या की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं एनसीआरबी रिपोर्ट के अनुसार भी उत्तर प्रदेश दलित अत्याचार के मामलों में शीर्ष पर है,इसके बावजूद सरकार अपराध रोकने में विफल साबित हो रही है।सांसद तनुज पुनिया के साथ जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में आलमचंद गांव घटना स्थल पर पहुंचने वालों में प्रतिनिधि मण्डल जिसमें पूर्व विधायक चायल विजय प्रकाश,पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी,पूर्व अध्यक्ष तलत अजीम,जिला उपाध्यक्ष दीपक पाण्डेय,मोहम्मद अकरम,अलकमा उस्मानी,जिला महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला,सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय नगर अध्यक्ष चरवा निक्की पाण्डेय, फ्रंटल विभाग जिलाध्यक्ष आयूष यादव,नगर अध्यक्ष मंझनपुर संगीता कोरी,ब्लाक अध्यक्ष नेवादा रावेंद्र यादव,जयप्रकाश जायसवाल,हेमन्त रावत,रमेश यादव,रफीक अहमद,रोहित सिंह ,हेमंत रावत, संगीता कोरी सहित तमाम कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भ्रष्ट जेई की करतूत से 5 वर्ष बाद भी पानी को तरस रही है नगर पालिका क्षेत्र की जनता

**अखंड भारत संदेश**

**आम जनता के घरों तक पानी पहुंचाने के उद्देश्य से 5 वर्ष पहले करोड़ों खर्च करके बिछाई गई पाइपलाइन से नहीं शुरू हुई सप्लाई**

“माल भी खाओ, और ईमानदारी का चोला भी ओढ़े रहो.”



**कौशांबी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर क्षेत्र के ओसा रोड संयुक्त जिला चिकित्सालय के आसपास आम जनता को पानी की सुविधा उपलब्ध कराए जाने के मकसद से नगर पालिका परिषद मंझनपुर ने 5 वर्षों पूर्व करोड़ो रुपए खर्च करके ओसा रोड की पूरब पटरी में पाइपलाइन बिछाया था करोड़ों की योजना से पाइपलाइन बिछाने में बड़ा खेल हुआ था नगर पालिका के अवर अभियंता और जिम्मेदारों की देखरेख में घटिया क्वालिटी की पाइप लाइन बिछाई गई थी जिससे पानी की सप्लाई होने पर पाइप फट जाने की संभावना थी घटिया क्वालिटी के पाइपलाइन डालने के बाद तमाम विरोध शिकायत शुरू हुई उसके बावजूद भी कमीशन खोर नगर पालिका के जिम्मेदारों ने ठेकेदारों को करोड़ो का भुगतान कर दिया लेकिन उनके सामने सवाल खड़े हो गए हैं कि यदि घटिया क्वालिटी के पाइपलाइन में पानी की सप्लाई शुरू की जाएगी तो पाइपलाइन फट जाएगी जिससे 5 वर्ष बीत जाने के बाद ओसा रोड के समाजवादी पाटी कार्यालय संयुक्त जिला चिकित्सालय की सड़क में पूरब दिशा की पटरी में डाले गए पाइपलाइन से पानी की सप्लाई नहीं शुरू हो सकी है पाइपलाइन से सप्लाई न शुरू होने से 5 वर्ष बाद भी आम जनता पानी के लिए परेशान है लेकिन पानी के लिए व्याकुल जनता की समस्या का समाधान 5 वर्ष बाद भी नहीं हो सका है इस भ्रष्टाचार में नगर पालिका के अवर अभियंता की भूमिका पर भी सवाल खड़े हैं कि आखिर 5 वर्ष पूर्व आम जनता को पानी देने के लिए डाले गए पाइपलाइन से 5 वर्ष बाद भी क्यों पानी सप्लाई नहीं शुरू हुआ है यदि मामले में जांच कराई गई तो अवर अभियंता के बड़े भ्रष्टाचार का एक और खुलासा होगा हालांकि इसके पहले भी दूसरे जिलों में इनके ऊपर बड़े भ्रष्टाचार का आरोप लगा था और भ्रष्टाचार में इन पर बड़ी कार्यवाही भी हुई थी लेकिन इन पर की गई कार्यवाही को रद्दी की फाइल में डाल दिया गया है और इन्हें गलत तरीके से नगर पालिका मंझनपुर में अवर अभियंता का चार्ज दे दिया गया है जिससे बड़े सवाल खड़े हो गए हैं हालांकि नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी पर भी तमाम तरह के दाग लगे हुए हैं दूसरे जिले में इन पर भी मुकदमे दर्ज हुए हैं ईओ पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं लेकिन जेई के साथ-साथ अधिशासी अधिकारी पर भी कार्यवाही नहीं हुई है दूसरे जिलों में भ्रष्टाचार कर हेरा फेरी करने वाले जेई और अधिशासी अधिकारी के कारनामे मंझनपुर नगर पालिका में भी ठीक नहीं है इन दोनों अधिकारियों के कार्यालय में कराए गए संपूर्ण कार्यों की जांच कराए जाने और दोषी पाए जाने पर दंडित किए जाने की मांग आम जनता ने योगी सरकार से की है अब सवाल उठता है कि 5 साल पूर्व डाले गए पाइपलाइन से पानी की सप्लाई कब शुरू कराई जाएगी या फिर इसी तरह समय बिताते हुए घटिया क्वालिटी की बिछाई गई पाइपलाइन पर पर्दा डालने का प्रयास होगा।

## आजाद रहिए विचारों से लेकिन बंधे रहिए संस्कारों से : ब्रम्हर्षि आनंद धाम सरकार



**कौशांबी** सिराथू तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत गंभीरा पूरब मजरा जगधापर गाँव में सप्तम दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन कथा ब्यास ब्रम्हर्षि आनंद धाम सरकार के मुखार विंदु से किया गया है कथा के पंचम दिवस की कथा में ब्यास पीठ से वेद व्यास जी की वाणी के द्वारा भगवान की मधुर मुस्कान नंद बाबा का कंस को कर देना। तथा नंद वसुदेव मिलन की सुंदर कथा का वर्णन किया गया। माया रुपी कन्या के द्वारा यह पता चलने पर कि कंस का वध करने वाले कृष्ण का जन्म ब्रज में हो गया है। अपनी मृत्यु की डर से कंस ने आपात कालीन बैठक बुलाई भगवान के द्वारा पूतना का उद्धार भगवान के दर्शन के लिए शंकर जी पधारे एवं गर्गाचार्य जी के द्वारा भगवान का नाम करण के प्रसंग को बहुत ही रोचक ढंग से सुनाया गया। भगवान कृष्ण के द्वारा सालिग्राम को मुख में रखना प्रातः काल ताजा माखन मांगना राधिका गोरी से विवाह की ज़िद पर अड जाने के प्रसंग की कथा को बहुत ही आनन्द पूर्वक सुनाया गया।सुंदर कथा को सुनकर समस्त श्रोता जन झूम उठे।कथा के आगे के प्रसंग में यमलार्जुन उद्धार, माखन चोरी वृंदावन निवास अघासुर का बध,ब्रम्हा जी के मन के संदेह को दूर करना,कालिया मर्दन, करके कालिया नाग का उद्धार,एवं वृंदावन वासियों की सुरक्षा करके इंद्र के अहंकार को दूर करना तथा गोवर्धन की पूजा कराकर जन कल्याण के कार्य के प्रसंग को सुनाया गया।कथा में मुख्य रूप से बच्चा लाल पाण्डेय,घनश्याम प्रसाद पाण्डेय,अरविन्द पाण्डेय,नरेन्द्र पाण्डेय जितेन्द्र कुमार पाण्डेय भाजपा युवा नेता सहित सैकड़ो महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## संगम हीरो बाइक एजेंसी में आग लगने से 35 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ओसा रोड स्थित संगम हीरो बाइक एजेंसी में शनिवार की शाम अचानक ऊपरी मंजिल में आग लग गई थी ऊपर की मंजिल में बाइक के स्पेयर पाट्र्स और अन्य सामान रखे जाते थे बाइक एजेंसी में आग लगते ही हड़कंप मच गया देखते देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और चारों तरफ आग फैलने लगी यहां तक की बिल्डिंग के अगल-बगल पेड़ों में भी आग लग गई बताया जाता है कि बाइक एजेंसी में रखें मोबिल आयल में आग पकड़ लेने के बाद आग ने विकराल रूप लिया है जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची थी और कई घंटे की कड़ी मेहनत के बाद फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने आग पर काबू पाया था जानकारी मिलते ही बाइक एजेंसी पर नगर के हजारों लोग पहुंच गए और बचाव एवं राहत कार्य में लगे रहे आग लगने के बाद बाइक एजेंसी से सैकड़ो नई बाइक को निकाल कर बाहर मैदान में खड़ा कराया गया जिससे बाइक जलने से बच गई है वरना और बड़ा नुकसान हो जाता सूचना मिलते ही मंझनपुर कोतवाली की भारी पुलिस फोर्स पहुंची और आग बुझाने में सहयोग किया लेकिन संगम हीरो बाइक एजेंसी में लगी बिकराल आग कई घंटे तक तेज लपट के साथ जलती रही बताया जाता है कि आग लगने से बाइक एजेंसी के भवन में दरार आ गई हैं टीन सेट जल गए हैं इसके साथ-साथ बाइक एजेंसी के स्पेयर पाट्र्स भी भारी तादाद में जल गए हैं एक अनुमान के मुताबिक बाइक बाइक एजेंसी में अग्निकांड में 35 लख रुपए के लगभग का सामान जलकर खाक हो गया है जिससे बाइक एजेंसी के मालकिन को बड़ा नुकसान हुआ है।

## तो फिर एक ट्रक चालक की लापरवाही का खामियाजा भुगतेगी लाखों जनता

### तानाशाही से लिया गया निर्णय आम जनता के लिए बना मुसीबत



**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बजाज एजेंसी के पास से नगर पालिका परिषद भरवारी के नए कार्यालय होते हुए रोही भरवारी मंझनपुर राजापुर चित्रकूट को जाने वाली सड़क का रास्ता अचानक से बंद कर दिया गया है जिससे लाखों जनता को आने जाने में दिक्कतें हो रही है बताया जाता है कि शनिवार के दिन एक ट्रक चालक विपरीत दिशा से आ रहा था इसी बीच किसी अफसर की गाड़ी आ रही थी अफसर ने देखा कि ट्रक चालक विपरीत दिशा से आ रहा है जिससे अफसर नाराज हो गए और उसके बाद अफसर के निर्देश पर फोरलेन मुख्य सड़क का रास्ता ही पूरी तरह से बंद कर दिया गया है जिससे लखनऊ को वाया कौशांबी होते हुए चित्रकूट से जोड़ने वाले इस महत्वपूर्ण सड़क से अचानक आवागमन बंद कर दिए जाने के बाद इलाके के सैकड़ो गांव के लाखों लोगों को आवागमन की दिक्कत शुरू हो गई है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के हाइवे से जुड़े चित्रकूट मंझनपुर जिला अस्पताल,जिला मेडिकल कॉलेज आदि संस्थाओं तक आने जाने वाली फोरलेन मुख्य सड़क के रास्ता से आवागमन रोक दिया गया करोड़ों रुपए खर्च कर-के आम जनता की सुविधा के लिए इस सड़क को बनाया गया था लेकिन बिना कारण के इस फोरलेन सड़क सकाढा तिराहे से रोही चौराहा के रास्ता सड़क पर पूरी तरह से आवागमन बंद कर दिया गया सड़क पर रास्ता बंद कर दिए जाने के बाद इस सड़क पर एम्बुलेंस से लेकर स्कूल बस को भी नही जाने दिया गया जबकि बालू लदी डंफर ट्रक इसी सड़क पर दौड़ रही हैं अचानक फोरलेन के रास्ते को बंद कर दिए जाने से लाखों लोगों को परेशानी होने लगी इलाके के लोगों ने सवाल उठाया है कि क्या कारण है जो लोकल राहगीरों को इस फोरलेन सड़क पर आवागमन से रोक दिया गया है सड़क पर रास्ता रोक दिए जाने के बाद आम जनमानस को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है आखिर फोरलेन सड़क का रास्ता क्यों रोका जा रहा है कोई भी जिम्मेदार जबाब देने को तैयार नही है जानकारी के अनुसार पता चला है कि यह केवल जनता की परेशानी को बढ़ाने के लिए किया गया है जिससे बालू के ओवरलोड वाहन आसानी से दौड़े दुर्घटना ना बढ़े और पुलिस की एंट्री की वसूली बेखौफ तरीके से होती रहे।

## क्रिकेट दिग्गज और पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरूद्दीन से मिले हंजला उस्मानी, कौशाम्बी में आने का दिया न्यौता



**कौशाम्बी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और तेलंगाना सरकार में मौजूदा मंत्री मोहम्मद अजहरूद्दीन से युवा कांग्रेस नेता हंजला उस्मानी ने शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान उस्मानी ने अजहरूद्दीन को अपने गृह जनपद कौशाम्बी के चायल विधानसभा क्षेत्र में आने का औपचारिक निमंत्रण दिया,जिसे पूर्व कप्तान ने सहर्ष स्वीकार कर लिया है।मुलाकात के दौरान हंजला उस्मानी ने अजहरूद्दीन को कौशाम्बी की ऐतिहासिक धरती और वहां के राजनीतिक परिदृश्य से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कौशाम्बी की जनता और विशेषकर युवा वर्ग उन्हें अपने बीच देखने के लिए बेहद उत्साहित है मिली जानकारी के अनुसार, अजहरूद्दीन के कौशाम्बी दौरे का पूरा खाका जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा तैयार किया जाएगा। इस दौरे के दौरान वह कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे और क्षेत्र में कांग्रेस की जड़ों को मजबूत करने के लिए जनसभा का हिस्सा भी बन सकते हैं। हंजला उस्मानी ने कहा है कि अजहर भाई न केवल एक महान क्रिकेटर रहे हैं,बल्कि एक अनुभवी राजनेता भी हैं। उनके कौशाम्बी आने से स्थानीय कार्यकर्ताओं में नया जोश भरेगा।अजहरूद्दीन के प्रस्तावित दौरे की खबर मिलते ही चायल विधानसभा और पूरे कौशाम्बी जिले में राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई हैं। खेल और राजनीति के इस संगम को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। माना जा रहा है कि जिला कांग्रेस कमेटी जल्द ही कार्यक्रम की तारीखों का औपचारिक एलान करेगी।

## नाबालिग बालिका को भगा ले जाने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी** कड़ाधाम थाना क्षेत्र से दिनांक 08.05.2026 को नाबालिग बालिका को आरोपी हन्नू पाल पुत्र जयचन्द्र पाल भगा ले गया आरोपी के पिता से शिकायत करने पर उसके द्वारा गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी गयी मु0अ0सं0 46/2026 धारा 137(2)/87/352/351(2) बीएनएस पंजीकृत हुआ थाना कड़ाधाम पुलिस ने दिनांक 10.05.2026 को पीड़िता को बरामद कर लिया गया दिनांक 11.05.2026 को पुलिस ने वांछित अभियुक्त हन्नू पाल उर्फ संदीप कुमार पाल पुत्र जयचन्द्र पाल निवासी सौरई बुजुर्ग थाना कड़ाधाम को चूहापीरन मोड़ सौरई बुजुर्ग के पास से गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

## एनजीटी नियमों को ठेंगा दिखा कर रातभर यमुना नदी का सीना चीर रही पोकलैंड मशीनें

**कौशांबी।** यमुना नदी से अवैध बालू खनन का खेल रुकने का नाम नही ले रहा है। सराय अकिल क्षेत्र के मल्हीपुर गांव में एनजीटी के नियमों को ताक पर रखकर रात के अंधेरे में भारी पोकलैंड मशीनों से बालू खनन किए जाने के आरोप लगे हैं। सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहे वीडियो ने प्रशासन और खनन विभाग की कायशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।बताया जा रहा है कि यमुना नदी के बालू खंड संख्या 10/07 और 10/08 मल्हीपुर में रातभर मशीनों से बड़े पैमाने पर खनन किया जा रहा है,जबकि नियमों के अनुसार नदी की जलधारा में भारी मशीनों के प्रयोग और तय सीमा से बाहर खनन पर प्रतिबंध है। आरोप है कि खनन माफिया निर्धारित क्षेत्र से बाहर जाकर भी बालू निकासी कर रहे हैं,जिससे राजस्व को नुकसान और पर्यावरण को भारी खतरा पैदा हो रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि नियम विरुद्ध खनन के खेल को छुपाने के लिए गूगल लोकेशन को भी मैनेज किया गया है इस लिए मल्हीपुर खंड में लोकेशन कटैया की आती है,जिसका लगातार वीडियो वायरल हो रहा है। इसके बावजूद प्रशासन कार्रवाई करने से बचता नजर आ रहा है। पिछले एक सप्ताह से सोशल मीडिया पर वीडियो लगातार वायरल हो रहे। वायरल वीडियो के बाद भी खनन विभाग और प्रशासन की चुप्पी कई बड़े सवाल खड़े कर रही है।अब खबर सामने आने के बाद लोगों की निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं।

# क्या मंत्री विधायक सांसद अपने 10-10 गाड़ियों के काफिलों को छोड़कर एक गाड़ी में सफर करेंगे

**अखंड भारत संदेश**

**राष्ट्र सर्वोपरि पीएम की अपील पर जनता ने कहा देश के लिए हम तैयार पर शुरुआत सत्ता के गलियारों से हो**

**एक साल का संयम बदल देगा देश की तस्वीर क्या राजनेता भी छोड़ेंगे अपनी शाही सुख सुविधाएं**

**कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर देश की आर्थिक आजादी और विदेशी मुद्रा के संरक्षण के लिए जनता के सामने राष्ट्रभक्ति का प्रस्ताव रखा है पीएम की अपील सीधी है एक साल तक सोने की खरीद से दूरी और पेट्रोल डीजल का कम से कम इस्तेमाल इस आह्वान के पीछे मकसद है देश के अरबों डॉलर बचाना जो हम विदेशों को तेल और सोने के बदले देते हैं प्रधानमंत्री की इस बात पर आम जनता की प्रतिक्रिया बेहद सकारात्मक और गौरवान्वित करने वाली है नागरिकों का कहना है कि यदि मेरे सोना न खरीदने से तिरंगे की शान बढ़ती है तो मुझे यह मंजूर है देशहित के लिए हम साइकिल चलाने या पैदल चलने को तैयार हैं क्योंकि राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं है जनता का यह जज्बा दिखाता है कि भारत का आम आदमी देश हित के लिए किसी भी मोर्चे पर पीछे हटने वाला नहीं है लेकिन पत्रकारिता का धर्म केवल अपील को दोहराना नहीं बल्कि व्यवस्था को आईना दिखाना भी है जनता का एक बड़ा तबका यह सवाल भी पूछ रहा है कि यदि त्याग जनता को करना है तो उसका रोल मॉडल नेताओं को बनना होगा क्या मंत्री और विधायक अपने 10-10 गाड़ियों के काफिलों को छोड़कर एक गाड़ी में सफर करेंगे या फिर मंत्री विधायक सांसद ट्रेन बस का सफर कर डीजल पेट्रोल को बचाएंगे सरकारी आयोजनों और भव्य रैलियों में होने वाला करोड़ों लीटर डीजल पेट्रोल ईंधन बचाया जाएगा क्या वीआईपी कल्चर को खत्म कर हमारे जन प्रतिनिधि साधारण जीवन अपनाकर जनता को प्रेरित करेंगे क्या पीएम मोदी की अपील को सांसद विधायक मंत्री मानेंगे इतिहास गवाह है कि जनता ने हमेशा अपने नेतृत्व का अनुसरण किया है यदि सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग अपने प्रोटोकॉल और खर्चों में कटौती कर सादगी का परिचय देते हैं तो प्रधानमंत्री की यह अपील महज एक सुझाव नहीं बल्कि एक जन क्रांति बन जाएगी जब त्याग की शुरुआत संसद और विधानसभाओं जिला स्तर के नेता से होगी तो गांव की गलियों में रहने वाला हर भारतीय खुद ब खुद इस राष्ट्रभक्ति के महायज्ञ में अपनी आहुति देने निकल पड़ेगा। अब देखना होगा कि सांसद विधायक मंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील को मानते हैं या फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील को सबसे पहले सांसद विधायक मंत्री ही अवहेलना करते हैं।

## न्यूज झरोखा

### एसपी ने पुलिस कार्यालय में की जनसुनवाई, फरियादियों की समस्याओं को सुना



**कौशांबी** पुलिस कार्यालय कौशाम्बी में दिनांक 11.05.2026 को पुलिस अधीक्षक सत्य नारायण द्वारा आमजनमानस की समस्याओं के प्रभावी निस्तारण हेतु जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए, जिन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना गया मामलों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों को मौके पर जाकर त्वरित और निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी न होकर गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए,जिससे पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक न्याय और राहत मिल सके। सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को समयबद्ध तरीके से निस्तारण किया जाए।

### हिनौता में लगा निशुल्क नेत्र शिविर, 95 मरीजों की जांच



**महेवाघाट कौशांबी** महेवा घाट थाना क्षेत्र के हिनौता गांव में सोमवार को सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट की ओर से निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गांव समेत आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श और दवाएं उपलब्ध कराई गईं।नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर पंकज गुप्ता और डॉक्टर नंदकिशोर सिंह ने कुल 95 मरीजों की जांच की। जांच के दौरान आंखों से संबंधित विभिन्न समस्याओं से पीड़ित मरीजों को उचित उपचार के बारे में जानकारी दी गई। शिविर के संयोजक एवं समाजसेवी रमाकांत मिश्र ने बताया कि जरूरतमंद 38 मरीजों को निशुल्क चश्मा वितरित किया गया, जबकि 35 लोगों को दवाएं दी गईं।हालांकि,शिविर में कई ऐसे मरीज भी पहुंचे जिनकी आंखों में गंभीर समस्या पाई गई। जांच के दौरान 18 लोगों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई। इनमें से 12 मरीजों को तत्काल ऑपरेशन के लिए नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड भेजा गया। वहीं छह मरीज निजी कारणों से तत्काल नहीं जा सके,जिन्हें आगे की तारीख दी गई है दरअसल ग्रामीण क्षेत्रों में आंखों की बीमारियों को लेकर जागरूकता की कमी और समय पर उपचार न मिलने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। ऐसे में गांव स्तर पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर लोगों के लिए राहत साबित हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर,शिविर में पहुंचे ग्रामीणों ने ट्रस्ट की पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस तरह के आयोजन कराने की मांग की।शिविर के दौरान ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं और स्थानीय ग्रामीणों का सहयोग भी बना रहा।

### राजकीय मुद्रणालय निदेशालय के रिटायर्ड वरिष्ठ सहायक का निधन



**महेवा घाट कौशांबी** नगर पंचायत पूरब पश्चिमशरीरा के मां झारखंडी नगर निवासी विश्वप्रकाश पांडेय उम्र 80 वर्ष प्रयागराज में राजकीय मुद्रणालय निदेशालय में वरिष्ठ सहायक के पद से सेवानिवृत्त हुए थे नौकरी से सेवानिवृत्त होने के बाद परिवार के साथ वह अपने पैतृक गांव में रहते थे। विगत कई सालों से वह बीमार चल रहे थे सोमवार दोपहर घर पर उनका निधन हो गया। जैसे ही यह जानकारी उनके शुभचिंतकों को मिली तो दुःख की लहर दौड़ पड़ी। नगर पंचायत व क्षेत्र के उनसे लगाव रखने वाले तमाम लोगों ने दुख व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। अंतिम संस्कार मंगलवार सुबह 10 बजे गैंगघट चौराहा के पास होगा।

### ए.एच.चिल्ड्रेन अकादमी में मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान, परी पाल ने किया टॉप



**कौशाम्बी।** एएच चिल्ड्रेन अकादमी स्कूल दरियापुर मझियांवा भरवारी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद सोमवार को मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को रिजल्ट वितरित किए गए तथा कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।विद्यालय की छात्रा परी पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया स्कूल की तरफ से उपहार में साईकिल देकर सम्मानित किया गया,वहीं नैना ने द्वितीय तथा अचर्ना ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा परी पाल को विद्यालय की तरफ़से स्कूल के संरक्षक ज़ैगम अब्बास रिज़वी,प्रधानाध्यापक शादाब आलम,उपप्रधानाध्यक हसन आस्करी ने सम्मानित किया इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि छात्र-छात्राओं की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय लगातार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। मेधावी विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता के साथ-साथ स्कूल का नाम भी गौरवान्वित किया है।कार्यक्रम के दौरान उप प्रधानाचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने पर बधाई देते हुए आगे भी मेहनत और लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। वहीं विद्यालय के प्रबंधक सैय्यद ज़ाहिद हुसैन ने शिक्षकों और विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना की।

### फंदे से लटका मिला किशोरी का शव परिवार में मचा कोहराम

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के अडहरा गांव में सोमवार शाम एक किशोरी 15 वर्षीय निशा सरोज का शव घर के अंदर साड़ी के सहारे धन्नी से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि शाम करीब 5:30 बजे निशा घर में अकेली थी जबकि उसकी मां मेघा रानी किसी काम से बैंक गई हुई थीं। जब मां वापस घर लौटी तो बेटी का शव फंदे से लटका देख उनके होश उड़ गए। मां की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही करारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### बोलने में असमर्थ बालिका को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र में दिनांक 11.05.2026 को एक लड़की उम्र लगभग 18 वर्ष जो बोल नहीं पाती सिराथू क्षेत्र में घूम रही है। जानकारी मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची लड़की से पूछताछ किया किन्तु वह कोई जानकारी नहीं दे सकी। तत्पश्चात महिला चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को सूचना दी गई। काफी पूछताछ एवं प्रयास के उपरांत लड़की की पहचान सोनी पुत्री राजेश कुमार कोरी निवासी मोहब्बत पुर जीता थाना कड़ाधाम के रूप में हुई इसके बाद परिजनों को दूरभाष के माध्यम से सूचना देकर पुलिस ने बुलाया सूचना पर सोनी के पिता राजेश कुमार पुत्र प्यारे थाना पर उपस्थित हुए। आवश्यक सत्यापन के उपरांत लड़की को परिजनों को सुपुर्द किया।

### छेड़खानी का बाल अपचारी बीस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित

**कौशांबी** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में दिनांक 15.05.2021 को घर में मौजूद अकेली नाबालिग बालिका के साथ जातिसूचक गाली गलौज करते हुए छेड़खानी की गयी थी मु0अ0सं0 268/21 धारा 452/354क/504/506 भादवि व 7/8 पॉक्सो एक्ट व 3(2)(श्अ)/3(1) एससीएसटी एक्ट पंजीकृत हुआ जिससे सम्बन्धित बाल अपचारी को दिनांक 11.05.2026 को न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड जनपद कौशाम्बी द्वारा 20,000 /- रू0 के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया

### वारण्टी अभियुक्त को मंझनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा मु0स0सं0 355/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त हरिश्चन्द्र पासी पुत्र गोवर्धन पासी निवासी ओसा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया पुलिस ने विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है ।

## सम्पादकीय

### पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन है वैचारिक बदलाव का संकेत

**पश्चिम** बंगाल के हालिया विधानसभा चुनाव परिणामों को केवल एक राजनीतिक दल की जीत या हार के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। यह परिणाम उस वैचारिक संघर्ष का प्रतीक बनकर उभरे हैं, जो लंबे समय से बंगाल की राजनीति के भीतर सुलग रहा था। वर्षों तक बंगाल को एक ऐसे राज्य के रूप में प्रस्तुत किया गया, जहां कथित रूप से जाति, धर्म और पहचान की राजनीति नहीं चलती, बल्कि विचारधारा, वर्ग-संघर्ष और बंगालियत की राजनीति प्रभावी रहती है। किंतु 2026 के चुनाव परिणामों ने इस स्थापित धारणा को गहराई से चुनौती दी है। यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि सामाजिक मनोविज्ञान में आए परिवर्तन का भी संकेत है। मतदाता अब केवल भावनात्मक नारों या वैचारिक रोमांटिसिज्म के आधार पर मतदान नहीं कर रहा, बल्कि वह अपनी सांस्कृतिक पहचान, सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और भविष्य को भी ध्यान में रख रहा है। यही कारण है कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की अभूतपूर्व सफलता को अनेक विश्लेषक एक प्रकार के ह्लसांस्कृतिक पुनर्जागरणह्व के रूप में देख रहे हैं।

पिछले कुछ वर्षों में पश्चिम बंगाल की राजनीति में बंगाली अस्मिता और ह्लहिंदू पहचानह्व के बीच एक वैचारिक द्वंद्व स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा था। तृणमूल कांग्रेस ने स्वयं को बंगाल की संस्कृति और क्षेत्रीय गौरव का संरक्षक बताया, जबकि भाजपा ने राष्ट्रीयता, हिंदुत्व और सांस्कृतिक चेतना को अपने राजनीतिक विमर्श का केंद्र बनाया।

# बुद्ध पूर्णिमा और मजदूर दिवस

**संदीप सिंह**

**आज** यह बहुत जरूरी हो चला है कि एक नया आर्थिक सामाजिक प्रस्ताव लेकर आया जाये। जहां न्यूनतम आय हो, हर गरीब परिवार को सीधी और ठोस आर्थिक मदद हो, सेहत की गारंटी हो, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का कायापलट, अच्छी शिक्षा की गारंटी हो, भर्तियों के लिए कोचिंग और ट्यूशन के बोझ से मुक्ति मिले, छोटे कारोबारी, युवा कारोबारियों को बिना ब्याज लोन, अन्य मदद आदि मिले।

1 मई के दिन को संसार भर के श्रमिकों ने श्रम की गरिमा और श्रमिक अधिकारों को याद रखने और मजबूत करने के अवसर के रूप में तय किया। संसार के दुखों का कारण और निवारण का मार्ग ढूंढते-भटकते बुद्ध को पूर्णिमा के ही दिन ज्ञान प्राप्ति हुई थी। बुद्ध के संवेदनशील मन ने संसार के दुख को देखा असमानता, लोभ-लाभ, संचय, चोरी, अधिग्रहण, जन्म, मृत्यु, जरा को उन्होंने दुख के कारणों में गिना। सही आजीविका, सही दृष्टि, सही कर्म, सही वाणी, सहअस्तित्व आदि को उन्होंने अपने सिद्धांत में अनिवार्य बनाया।

यह बुद्ध की बात हुई। हजारों वर्ष बीत गए,समय के प्रवाह में करुणा और समानता बुद्ध के दर्शन की सबसे बड़ी पहचान बन गई। जहां भी लंबे कानों, बड़ी-बड़ी बंद आखों और स्थिरता की नदी में डूबा वह पाषाण चेहरा हमें दिखता, शांति का अनुभव होता है। फिर आया पूंजीवाद। मुनाफे पर आधारित उत्पादन व्यवस्था। किसी भी उत्पादन में पूंजी और श्रम लगता है। वस्तु या सेवा के मूल्य में श्रम का मूल्य छुपा रहता है। धीरे-धीरे वस्तुएं, या 'प्रोडक्ट', सेवाएं, उनके ब्रांड और पूंजी प्रदाता कंपनियां प्रमुखता और मुख्तारी हासिल करती जाती हैं; श्रम और श्रमिक अलक्षित हो जाते हैं। श्रम, पूंजी और मुनाफे के बीच एक तनाव हमेशा बना रहता है। पूंजीवाले की एक ही चाहत है उसे ज्यादा से ज्यादा मुनाफा मिले। श्रम निचोड़ने में पूंजी मालिक मनमाना न हो जाए इसलिए तमाम संघर्षों के बाद संसार भर में बने श्रम कानून और तमाम कानूनी मयार्दाएं। भारत के संविधान में भी श्रम कानून और श्रमिक अधिकारों को तय किया गया। इंदिरा गांधी जी द्वारा बनाया गया-'ठेका मजदूरी (नियंत्रण और उन्मूलन) एक्ट, 1970 इसमें बहुत



अहम था। 1991 में नई आर्थिक नीति लागू होने के बाद से श्रम कानून निशाने पर आ गए। साल 1991 में- अमेरिका, विश्व बैंक और आईएमएफ के दबाव में भारत ने अपनी अर्थव्यवथा का ताला विदेशी पूंजी के लिए खोला। हर चीज की तरह इसका भी एक बैकग्राउंड था। उनकी शर्त थी भारत अपने कड़े श्रम कानून शिथिल करे। इसे 'लेबर रिफॉर्म' का सुंदर सा नाम दिया गया। प्रचार से फैलाया गया कि भारत तरक्की इसलिए नहीं कर रहा है कि यहां श्रम कानून बहुत सख्त हैं और भी कई प्रसंग थे। खैर, किले में सुरंग बनाई जा चुकी थी। दिवार गिरते देर न लगी। अंततः किला भी ढह गया। मलबे की भी बोली लगी। सोने-चांदी की चीज कौड़ियों के मोल बिकीं। धीरे-धीरे स्थिरता आई, बड़ी तकनीक और बड़ी पूंजी भी। मनरेगा जैसे कानूनों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कुछ धन डाला। मगर 2014 में आ गए नरेंद्र मोदीजी- जिनका राजनीतिक कैरियर ही पूंजीपतियों के सपोर्ट की देन था। ऊपर-ऊपर से आरएसएस और भाजपा की राजनीति धर्म और संस्कृति के क्षेत्र में होती दिखती है, मगर उनकी आर्थिक नीति हमेशा पूंजीमालिकों के हितसाधन का माध्यम रही चली आई है और वही इनका मुख्य उद्देश्य भी है। संसद में, नीतिनिर्माण में, फैक्ट्री फ्लोर पर, कंपनी, खदान, निर्माण यूनिट या कारखाने में ये जिन श्रमिकों के हितों के खिलाफ काम करते हैं, उन्हीं श्रमिकों को धर्म, जाति, क्षेत्र आदि की अस्मिताओं में उलझाकर अपनी ओर खींचते हैं।

दिन भर की मेहनत से रौंदे मन और शरीर लेकर बस्ती/मुहल्ले पहुंचे श्रमिकों को गणेश पूजा, लक्ष्मी पूजा, विश्वकर्मा पूजा, छठ, झांकियों, गीत-संगीत आदि के जरिए अपनी ओर खींच लेना आसान था। जब व्यवस्था और संगठन से सहारा नहीं मिलता तो आखिरी चारा ईश्वर और आस्था का मजबूत स्तंभ होता है। घर-गांव-खेती-परिवेश से उजड़े और पलायित ये श्रमिक और कर्मी अपने मानसिक-सांस्कृतिक अलगाव और बिखराव को पाटने के लिए भी संस्कृति और धर्म का स्वभावतः सहारा लेते हैं।

# केंद्रीय सत्ता की जीत, जनतंत्र की हार!

**राजेंद्र शर्मा**

**चुनावी** मतगणना की विशेष रूप से धीमी रफ्तार, चुनावों के इस चक्र की असली समस्या नहीं है। यह तो एक लक्षण है, चुनाव आयोग के अपनी उस मूल संकल्पना से पूरी तरह से पीछा छुड़ाकर, सत्ताधारी भाजपा के राजनीतिक-चुनावी हितों को आगे बढ़ाने का एक घातक हथियार बन जाने का, जबकि उससे चुनाव प्रक्रिया तथा जनतंत्र के मुख्य हितधारकों के रूप में, सभी राजनीतिक पार्टियों का भरोसा जीतते हुए काम करने वाले, रेफरी की भूमिका निभाने की अपेक्षा की जाती है।



विधानसभा चुनाव के मौजूदा चक्र के संबंध में और खासतौर पर प. बंगाल के संबंध में जो बदतरीन आशंकाएं जतायी जा रही थीं, सच साबित होती नजर आती हैं। भाजपा पहली बार पश्चिम बंगाल में सत्ता पर काबिज होने की ओर बढ़ती नजर आ रही है। बेशक, पूरी तरह से अपनी साख खो चुके चुनाव आयोग ने, मतगणना में अपनी बची-खुची साख की भी बलि चढ़ा दी है। पहले बंगाल की ही बात करें तो मतगणना के दिन दोपहर बाद, साढ़े तीन बजे तक 294 विधानसभा सीटों में से सिर्फ 3 सीटों के नतीजे चुनाव आयोग के वेबसाइट पर जारी किए गए थे। बेशक, चुनाव आयोग के वेबसाइट पर 200 सीटों पर लीड की जानकारी भी आ चुकी थी, लेकिन इस समय तक कुल वोट में से आधे से कुछ ही ज्यादा वोटों की गिनती हो पायी थी। हैरानी की बात नहीं है कि इस चुनाव में केंद्र की सत्ताधारी भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी, तृणमूल कांग्रेस चुनाव आयोग पर मतगणना जान-बूझकर धीमी करने से लेकर, उसकी चुनावी रूप से मजबूत सीटों पर मतगणना की स्थिति छुपाने तक के आरोप लगा रही थी। याद दिला दें कि मतगणना की यह मंथर चाल, सिर्फ प. बंगाल में ही नहीं थी। यह तो जैसे चुनाव आयोग का नया नार्मल ही है। तभी तो पुड्डुचेरी जैसे छोटे राज्य (वास्तव में विधानसभा युक्त केंद्र शासित क्षेत्र) तक में, इस समय तक 25 में से कुल 17 सीटों के ही नतीजे जारी किए जा सके थे और बाकी 8 सीटों पर लीड ही बतायी जा रही थी।

बहरहाल, चुनावी मतगणना की विशेष रूप से धीमी रफ्तार, चुनावों के इस चक्र की असली समस्या नहीं है। यह तो एक लक्षण है, चुनाव आयोग के अपनी उस मूल संकल्पना से पूरी तरह से पीछा छुड़ाकर, सत्ताधारी भाजपा के राजनीतिक-चुनावी हितों को आगे बढ़ाने का एक घातक हथियार बन जाने का, जबकि उससे चुनाव प्रक्रिया तथा जनतंत्र के मुख्य हितधारकों के रूप में, सभी राजनीतिक पार्टियों का भरोसा जीतते हुए काम करने वाले, रेफरी की भूमिका निभाने की अपेक्षा की जाती है। चुनाव आयोग की इसी असंवैधानिक भूमिका के विभिन्न पहलू विधानसभा चुनावों के इस चक्र में और सबसे बढ़कर प. बंगाल तथा असम में सामने आए हैं, जिन्हें जीतने की उम्मीद में भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी।

इस सिलसिले में प. बंगाल में जिस तरह, इस चुनाव की पूर्व-संध्या में मतदाता सूचियों के सघन पुनरीक्षण के नाम पर, लाखों की संख्या में वैध मतदाताओं के नाम काटने की मुहिम चलायी गयी थी, बंगाल के सवा करोड़ से ज्यादा मतदाताओं पर नागरिकता सत्यापन जैसी कसरत थोपी गयी थी और जिस तरह इस सब के चलते, अंततः 25 लाख मतदाताओं को 2026 के विधानसभा चुनाव में मताधिकार से वंचित ही नहीं कर दिया गया है, आगे के लिए उनकी नागरिकता-मताधिकार पर सवालों का घेरा लगा छोड़ दिया गया है, उसके संबंध में हम पहले भी इस स्तंभ में चर्चा कर चुके हैं। चुनाव आयोग की जिद पर और शीर्ष न्यायपालिका के अनुमोदन से, जिस तरह लाखों लोगों का मताधिकार छीना गया है, उसने जनतांत्रिक प्रक्रिया के रूप में चुनाव को जिस तरह से विकृत किया है बल्कि एक तरह से चुनाव का अपहरण ही कर लिया है, वह भारतीय जनतंत्र के इतिहास में एक नये रसातल के छुए जाने को दिखाता है।

केंद्र की सत्ताधारी पार्टी के बंगाल फतेह करने के इस अभियान में जिस तरह पूरे तंत्र को जोता गया था और खासतौर पर शासन के पूरे दमनतंत्र को थोपा गया था, उसने प. बंगाल के ही तीन दशक से ज्यादा पहले के एक चुनाव की याद दिला दी। यह और भी उपयुक्त था कि प. बंगाल में ऐसा पहले भी हो चुका होने की याद, प्रख्यात भारतीय कार्टूनिस्ट आर के लक्ष्मण के पुर्नप्रकाशन के माध्यम से दिलायी गयी। यह 1972 का विधानसभा चुनाव था। पहले 1967 में सीपीआई (एम) की अग्रणी भूमिका के साथ बनी युक्त फ्रंट सरकार को, तब केंद्र में सत्ता में बैठी कांग्रेस ने गिराया। इसके बाद, 1969 में दोबारा और भी मजबूती से युक्त फ्रंट की सरकार आयी और कांग्रेस ने राज्यपाल का सहारा लेकर उसे भी गिराया। इसके बाद, 1972 का चुनाव इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने, इसी तरह किसी भी कीमत पर जीतने का फैसला लेकर कराया, जिसमें पुलिस बलों की ताकत का इस हद तक खुल्लमखुल्ला दुरुपयोग किया गया कि सीपीआई (एम) के नेतृत्व में विपक्ष को पहले मतगणना का और फिर विधानसभा का ही बहिष्कार करना पड़ा था। इसके बाद, कांग्रेस प. बंगाल में सत्ता पर काबिज हो गयी, आज उन्हीं हथकंडों का सहारा लेकर भाजपा बंगाल में सत्ता पर काबिज हो रही है। और भाजपा भी यह न भूले कि इसके बाद बंगाल की जनता ने पहला मौका मिलते ही, 1977 में कांग्रेस को सत्ता से इस तरह बाहर किया था।

# सूचना का अधिकार : नियंत्रित पारदर्शिता की ओर बढ़ता भारत

**– अरुण कुमार**

**आधुनिक** ऊर्जा और भू-राजनीतिक परिदृश्य में पूर्ण अपारदर्शिता न तो संभव है और न ही वांछनीय, लेकिन जब गोपनीयता का दायरा लगातार विस्तृत होता जाए और पारदर्शिता अपवाद बन जाए, तो लोकतांत्रिक जवाबदेही पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। इसलिए ऊर्जा क्षेत्र में पारदर्शिता केवल प्रशासनिक आवश्यकता नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक जवाबदेही का मूल आधार है, और यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि गोपनीयता सार्वजनिक हित तथा नागरिकों के सूचना अधिकार को पीछे न धकेल दे। केंद्रीय सूचना आयोग द्वारा रूस से भारत के कच्चे तेल आयात संबंधी विस्तृत जानकारी को सार्वजनिक करने से इनकार को 27 अप्रैल 2026 के हालिया फैसले में बरकरार रखा गया, जो एक बार फिर यह प्रश्न उठाता है कि पारदर्शिता और राष्ट्रीय हितों के बीच संतुलन कहां स्थापित किया जाए। आयोग ने सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 8(1)(डी)–जो वाणिज्यिक गोपनीयता, व्यापार रहस्य या बौद्धिक संपदा से जुड़ी ऐसी सूचनाओं को सार्वजनिक करने से छूट देती है जिनसे किसी तृतीय पक्ष की प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति प्रभावित हो सकती है–और धारा 8(1)(ई)–जो विश्वासगत संबंध में प्राप्त सूचनाओं के प्रकटीकरण से छूट प्रदान करती है–का हवाला देते हुए कहा कि कंपनी-वार आयात डेटा में मूल्य निर्धारण, अनुबंध, छूट और व्यापारिक रणनीतियों जैसी संवेदनशील जानकारियां शामिल होती हैं, जिन्हें सरकार विश्वासगत आधार पर प्राप्त करती है; अतः इनके प्रकटीकरण को छूट के दायरे में रखा जाना उचित है। इस प्रकार आयोग ने पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल (पीपीएसी) के उस निर्णय को सही ठहराया, जिसमें जून 2022 से जून 2025 के बीच रूस से आयातित कच्चे तेल का कंपनी वार और विस्तृत देश वार विवरण देने से मना किया गया था। पीपीएसी, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय का एक प्रमुख तकनीकी विश्लेषणात्मक विंग है, जो डेटा संग्रह, विश्लेषण और नीति समर्थन के माध्यम से देश की ऊर्जा सुरक्षा और पेट्रोलियम अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है। यह फैसला सूचना के अधिकार अधिनियम की मूल भावना पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। आवेदक ने सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों, रिलायंस और नायरा एनर्जी के लिए अलग-अलग आंकड़े मांगे थे । हालांकि आयोग ने अपील खारिज कर दी, लेकिन साथ ही पीपीएसी को आरटीआई अधिनियम की धारा 4 और 25(5) के तहत स्वप्रेरित पारदर्शिता बढ़ाने के निर्देश भी दिए। यह रुख आयोग के उस प्रयास को दर्शाता है, जिसमें वह गोपनीयता और सार्वजनिक सूचना के बीच संतुलन साधना चाहता है। फिर भी, विस्तृत आयात डेटा को छूट देते हुए पारदर्शिता बढ़ाने के




निर्देश देना कुछ हद तक विरोधाभासी प्रतीत होता है।

यह निर्णय ऐसे समय आया है जब रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद भारत ने रियायती रूसी तेल आयात बढ़ाया और 2024-25 में रूस उसका प्रमुख आपूर्तिकर्ता बन गया; वैश्विक प्रतिबंधों, मध्य पूर्व तनाव और अमेरिका के दबाव रियायत के बीच भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को संतुलित करता रहा है। सरकार का तर्क है ।

कि कई देशों में संवेदनशील व्यापारिक डेटा को गोपनीय रखना सामान्य प्रथा है। ऊर्जा आयात अब केवल आर्थिक नहीं, बल्कि रणनीतिक भू राजनीतिक विषय है; इसलिए यह जानकारी सार्वजनिक करने से कंपनियों की सौदेबाजी क्षमता कमजोर हो सकती है और अंतरराष्ट्रीय दबाव के कारण राष्ट्रीय हित प्रभावित हो सकते हैं। गोपनीयता के ऐसे फैसलों से यह प्रश्न भी उठता है कि कहीं सरकार अंतरराष्ट्रीय दबाव–विशेषकर अमेरिका की संभावित नाराजगी–से बचने के लिए सूचनाओं के प्रकटीकरण में अतिरिक्त सावधानी तो नहीं बरत रही। यह प्रवृत्ति नई नहीं है; रक्षा, ऊर्जा और कूटनीति जैसे क्षेत्रों में डेटा साझा करने में सावधानी बरतना लंबे समय से राज्य की नीति रही है, क्योंकि इन क्षेत्रों में सूचना को शक्ति माना जाता है। सरकार के तर्कों के बावजूद पारदर्शिता की कुछ गुंजाइश फिर भी है। तेल बाजार अत्यंत अपारदर्शी है। प्रतिबंधित देश पहचान छिपाने हेतु अक्सर गुप्त जहाजों, ध्वज-परिवर्तन जैसे तरीकों से व्यापार करते हैं । ऐसे में यदि कंपनी या देश-वार डेटा सार्वजनिक न हो, तो तेल के वास्तविक स्रोत, कीमत, संभावित अनियमितताओं तथा अंतरराष्ट्रीय नियमों के उल्लंघन का आकलन कठिन हो जाता है। सस्ते कच्चे तेल का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंच रहा है या नहीं, यह स्पष्ट नहीं हो पाता है । जिससे बाजार पारदर्शिता और देश की विश्वसनीयता दोनों प्रभावित होती हैं। सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों में स्पष्ट किया गया है कि सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 8 के तहत छूट तभी लागू हो सकती है, जब सूचना के खुलासे से वास्तविक और प्रमाणित नुकसान हो तथा सार्वजनिक हित उससे अधिक न हो । सुप्रीम कोर्ट के स्थापित सिद्धांत स्पष्ट करते हैं कि सूचना का खुलासा नियम है और गोपनीयता अपवाद । सीआईसी ने अपने निर्णय में ऐसा प्रतीत होता है कि सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 8(2) अलग से परीक्षण नहीं किया है , जो स्पष्ट रूप से यह प्रावधान करती है कि धारा 8(1) के तहत दी गई किसी भी छूट के बावजूद, यदि सूचना के प्रकटीकरण से होने वाला जनहित उसे रोकने से होने वाले संभावित नुकसान से अधिक हो, तो संबंधित प्राधिकरण को वह सूचना उपलब्ध करानी चाहिए। तेल आयात का डेटा स्पष्ट रूप से सार्वजनिक हित से जुड़ा है।

क्योंकि यह ऊर्जा सुरक्षा, मूल्य पारदर्शिता, सस्ते कच्चे तेल का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचने और नीति की प्रभावशीलता से सीधे संबंधित है। कंपनी वार जानकारी न होने से यह आकलन कठिन हो जाता है कि आयात का लाभ पूरी तरह उपभोक्ताओं तक पहुंच रहा है या कुछ सौदे महंगे पड़ रहे हैं, जिससे नीति मूल्यांकन सीमित होता है और जवाबदेही कमजोर पड़ती है।

यह 'नियंत्रित पारदर्शिता' का मॉडल है, जिसमें आंकड़ों की झलक तो मिलती है, लेकिन असली तस्वीर सूक्ष्म गोपनीयता के पर्दे के पीछे ही रहती सीआईसी का यह रुख संकेत देता है कि हाल के वर्षों में वह पारदर्शिता की तुलना में संवेदनशील सूचनाओं पर अधिक सतर्क और प्रतिबंधात्मक दृष्टिकोण अपना रहा है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक हितों की ओट में सूचना को सीमित रखने की प्रवृत्ति है, जिससे रक्षा सौदों सहित कई संवेदनशील क्षेत्रों में जानकारी रोकी गई है, और इससे पारदर्शिता घटने के साथ-साथ संभावित अनियमितताओं या भ्रष्टाचार की प्रभावी जांच और पहचान की क्षमता भी सीमित होती है, जिससे सूचना के अधिकार की मूल भावना–खुलासा नियम और छूट अपवाद–कमजोर पड़ने का खतरा बढ़ता है। आधुनिक ऊर्जा और भू-राजनीतिक परिदृश्य में पूर्ण अपारदर्शिता न तो संभव है और न ही वांछनीय, लेकिन जब गोपनीयता का दायरा लगातार विस्तृत होता जाए और पारदर्शिता अपवाद बन जाए, तो लोकतांत्रिक जवाबदेही पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। इसलिए ऊर्जा क्षेत्र में पारदर्शिता केवल प्रशासनिक आवश्यकता नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक जवाबदेही का मूल आधार है, और यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि गोपनीयता सार्वजनिक हित तथा नागरिकों के सूचना अधिकार को पीछे न धकेल दे। भविष्य में ऐसे मामलों में बेहतर संतुलन स्थापित करना आवश्यक है, ताकि राष्ट्रीय हित और पारदर्शिता दोनों सुरक्षित रह सकें। इसके लिए आवश्यक है कि पीपीएसी जैसी संस्थाएं वार्षिक स्तर पर विस्तृत ग्रेनुलर डेटा और त्रैमासिक स्तर पर देश-वार आयात आंकड़े नियमित रूप से प्रकाशित करें।

# सड़क किनारे अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी।

## भदोही, कारीगांव रघुरामपुर के पास साइकिल समेत मिला शव, पहचान में जुटी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज। थाना** क्षेत्र के कारीगांव रघुरामपुर मार्ग के दक्षिणी छोर पर सड़क किनारे खेत में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक के पास एक साइकिल भी पड़ी मिली। घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के लोगों की भारी भीड़ जुट गई। बताया जाता है कि कारीगांव के ग्राम प्रधान बड़ेलाल यादव पुत्र रामधर यादव ने सड़क किनारे युवक को मृत अवस्था में पड़े देखा, जिसके बाद तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर





पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों एवं ग्राम प्रधान के अनुसार आशंका जताई जा रही है कि युवक देर रात कहीं जा रहा था। इसी दौरान वह सड़क से लगभग चार फीट नीचे गड्ढे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। समय पर उपचार नहीं मिलने के कारण उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाते हुए जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के गांवों एवं मौके पर मौजूद लोगों से शव की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो सकी है तथा पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से विद्युत लाइनमैन सहित एक अन्य गंभीर, रूप से घायल

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज। थाना** क्षेत्र के मिजार्पुर रोड पर सीता बाबा मंदिर के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से विद्युत लाइनमैन सहित एक अन्य गंभीर रूप से घायल जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि विनोद उपाध्याय पुत्र बृजमोहन उपाध्याय जो लालानगर विद्युत फीडर पर लाइनमैन कार्यरत है कही केबल जलने की सूचना पर अपने एक साथी पारी यादव पुत्र जयकिशन ग्राम ककराही के साथ केबल काटने जा रहा था जैसे ही मिजार्पुर रोड स्थित सीता बाबा मंदिर के पास पहुंचा ही था कि किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से दोनों घायल हो गए।

## ककराही रेलवे क्रॉसिंग के पास रेलवे ट्रैक किनारे मिला अज्ञात युवक का शव, ट्रेन से कटकर मौत की आशंका

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज। थाना** क्षेत्र के काकराही रेलवे क्रॉसिंग के पूर्वी छोर स्थित गेट नंबर 38 स्पेशल के पास सोमवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही गोपीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। काफी प्रयास के बावजूद मृतक की पहचान नहीं हो सकी। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब 6 बजे पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि काकराही रेलवे क्रॉसिंग के समीप एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया है। सूचना



पर पहुंची पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बताया जा रहा है कि युवक की मौत 12561 स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस की चपेट में आने से हुई है, जो अपने निर्धारित समयानुसार सुबह लगभग 5:40 बजे काकराही फाटक से गुजरी थी। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

## पुलिस अधीक्षक भदोही ने फीता काटकर किया CISCE जोनल वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज। जनपद** के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सेंट थॉमस स्कूल, गोपीगंज के खेल मैदान पर आज उक्रउए जोनल लेवल वॉलीबॉल प्रतियोगिता' का शानदार आगाज हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित , अभिनव त्यागी , पुलिस अधीक्षक भदोही ने वॉलीबॉल नेट पर बंधा रिबन काटकर और हवा में बॉल उछालकर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल हमें शारीरिक रूप से मजबूत बनाते






हैं, बल्कि जीवन में अनुशासन और टीम वर्क का महत्व भी सिखाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उद्घाटन समारोह के तुरंत बाद प्रतियोगिता का पहला मुकाबला सेंट थॉमस बीएलडब्लू और सेंट फ्रांसिस रामनगर के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन बेहतरीन तालमेल और सटीक रणनीति के चलते सेंट फ्रांसिस रामनगर ने इस मैच में शानदार जीत हासिल की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रशासन द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। इस मौके पर विभिन्न विद्यालयों के कोच, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे, जिन्होंने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

# रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय का नवम दीक्षांत समारोह संपन्न, 2417 सपनों को मिली उड़ान

## सुहास एलवाई व अजीत कुमार को मानद उपाधि, गौरव और संस्कारों का विराट महाकुंभ



उपाधि प्राप्त करते आयुक्त अजीत कुमार




दिव्यांग विश्वविद्यालय का नवम दीक्षांत समारोह में मौजूद अतिथिगण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले स्थित जगदगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय का नवम दीक्षांत समारोह सोमवार को भव्यता, गरिमा और भारतीय संस्कृति की अनुपम छटा के बीच संपन्न हुआ। बैंड की मधुर धुनों के साथ निकली शोभायात्रा ने पूरे विश्वविद्यालय परिसर को उत्सवमय बना दिया। अतिथियों, कुलाधिपति और विश्वविद्यालय परिवार का गरिमामय प्रवेश देखते ही बन रहा था। मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुए समारोह में कुलपति प्रोफेसर शिशिर कुमार पांडेय ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह संस्थान अब केवल बुंदेलखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश के दिव्यांगजनों के लिए आशा, आत्मविश्वास और उच्च शिक्षा का केंद्र बन चुका है। उन्होंने नए पाठ्यक्रमों, विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या और विश्वविद्यालय की लगातार प्रगति को ऐतिहासिक बताया। समारोह में पैरालंपिक रजत पदक विजेता आईएएस अधिकारी सुहास एलवाई तथा चित्रकूट धाम मंडल के मंडलायुक्त अजीत कुमार को दिव्यांग सशक्तिकरण, खेल और लोक प्रशासन में उत्कृष्ट योगदान के लिए मानद उपाधियों से सम्मानित किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय की शोध पत्रिका समानुभूति सहित कई महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन भी हुआ। समारोह में 2417 उपाधियां, 141 स्वर्ण पदक, 6 कुलाधिपति पदक और 39 शोध उपाधियां प्रदान कर प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने विश्वविद्यालय को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए हरसंभव सरकारी सहायता देने का भरोसा दिलाया। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के विकास में निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जगदगुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने शिक्षा को राष्ट्र सेवा का सबसे बड़ा माध्यम बताते हुए विद्यार्थियों से समाज और देश के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

### आयुक्त अजीत कुमार को मिली डीलिट की मानद उपाधि

चित्रकूटधाम मंडल के लिए उस समय गौरव का क्षण बन गया, जब जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय ने आयुक्त अजीत कुमार को डी.लिट. (मानद) उपाधि से सम्मानित किया। यह सम्मान केवल एक प्रशासनिक अधिकारी का अभिनंदन नहीं, बल्कि जनसेवा, संवेदनशील शासन और पारदर्शी प्रशासन की उस कार्यशैली की स्वीकृति माना जा रहा है, जिसने गरीब, दिव्यांग, वृद्ध और वंचित वर्गों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने में नई पहचान बनाई। आयुक्त अजीत कुमार के नेतृत्व में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पेयजल और जनसुनवाई व्यवस्था में सुधारात्मक कदमों ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली को नई दिशा दी। नियमित निरीक्षण, प्रभावी मॉनिटरिंग और त्वरित समस्या निस्तारण से आमजन का भरोसा मजबूत हुआ। युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने से लेकर दिव्यांगजनों एवं महिलाओं के कल्याण तक, उनकी कार्यशैली को जनोन्मुख प्रशासन की मिसाल माना जा रहा है। सम्मान की घोषणा के बाद मंडलभर में खुशी की लहर दौड़ गई और अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा सामाजिक संगठनों ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

# खेल सचिव ने किया चित्रकूट स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण



स्टेडियम का निरीक्षण करते खेल सचिव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को उस समय हलचल तेज हो गई जब खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव सुभाष एलवाई ने पूरे परिसर का स्थलीय निरीक्षण कर खिलाड़ियों की सुविधाओं को लेकर बड़ा खाका तैयार किया। निरीक्षण के दौरान जिम हाल, बैडमिंटन हाल, लॉन टेनिस कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट तथा क्रिकेट ग्राउंड का बारीकी से जायजा लिया गया। सचिव ने जिम उपकरणों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिम हाल के विस्तार और मशीनों को दूसरी जगह शिफ्ट करने के निर्देश दिए। वहीं बैडमिंटन हाल में सिंथेटिक मैट लगाने तथा प्रस्तावित सिंथेटिक रनिंग ट्रैक निर्माण से पहले मैदान का समतलीकरण कराने पर विशेष जोर दिया गया। स्टेडियम में मिट्टी भराई कार्य शीघ्र शुरू कराने और जर्जर पवेलियन के मरम्मतीकरण का आगणन भेजने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल सहित खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे।

# इटवा गांव में विशाल नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित, 258 की हुई जांच

**अखंड भारत संदेश**



स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में मौजूद अतिथिगण

**चित्रकूट।** जिले के रामनगर ब्लॉक स्थित इटवा गांव सोमवार को मानव सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता का केंद्र बन गया, जहां विकास पथ सेवा संस्थान एवं सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड के सहयोग से शिव बाबा मंदिर परिसर में विशाल नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों की भारी भीड़ उमड़ी। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने 258 लोगों की नेत्र जांच कर 98 जरूरतमंदों को निशुल्क चश्मे वितरित किए, जबकि 12 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर जानकीकुंड भेजा गया। 118 लोगों को आई ड्रॉप भी वितरित की गई। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क प्याऊं का उद्घाटन सभासद शंकर प्रसाद यादव ने किया। बच्चों को स्वच्छता, पोषण और आंखों की देखभाल के प्रति जागरूक किया गया। संयोजक पदमेन्द्र त्रिपाठी एवं डॉ प्रभाकर सिंह के सेवा भाव की क्षेत्रवासियों ने सराहना करते हुए इसे ग्रामीण अंचल में उम्मीद और राहत का बड़ा अभियान बताया।

### स्वगणना अभियान की प्रगति को लेकर तहसील स्तर पर समीक्षा बैठकें आयोजित

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देशन में जनपद की विभिन्न तहसीलों में स्वगणना अभियान को गति देने हेतु समीक्षा बैठकों का आयोजन किया गया, जहां अधिकारियों ने अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए सख्त निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी फूलचंद यादव ने सुपरवाइजरों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि गणना कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा डेटा की शुद्धता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। वहीं उप जिलाधिकारी मुहम्मद जसीम ने क्षेत्र में सक्रिय रहकर आमजन को स्वगणना के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। अधिकारियों ने कहा कि स्वगणना केवल सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि भविष्य की विकास योजनाओं की मजबूत नींव है। बैठकों में ऑनलाइन माध्यमों के उपयोग को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित कराने का आह्वान किया गया।

# मतदान नहीं फिर भी गूंजा लोकतंत्र, निर्विरोध बनी श्रीमती पकौआ देवी संस्कृत महाविद्यालय की नई टीम

- शिक्षा सुधार के बड़े संकल्प घोषित
- चुनाव में नहीं पड़ा एक भी वोट




निर्विरोध बने श्रीमती पकौआ देवी संस्कृत महाविद्यालय की नई टीम

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर स्थित श्रीमती पकौआ देवी संस्कृत महाविद्यालय में सोमवार को देववाणी शिक्षा समिति का चुनाव शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित माहौल में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी हरिराम गुप्ता, सेवा निवृत्त वित्त नियंत्रक, उत्तर प्रदेश शासन वित्त एवं लेखा सेवा लखनऊ की देखरेख में पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ पूरी कराई गई। वर्ष 2025 की प्रमाणित साधारण सभा सदस्य सूची के अनुसार कुल 23 सदस्यों में से 12 सदस्य स्वयं उपस्थित हुए, जबकि 5 सदस्य प्रॉक्सी के रूप में शामिल हुए, जिससे कोरम पूर्ण घोषित किया गया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रबंधक, उपप्रबंधक एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु कुल 5 नामांकन पत्र प्राप्त हुए, जबकि समिति सदस्य पद हेतु भी 5 नामांकन दाखिल किए गए। जांच के बाद सभी नामांकन वैध पाए गए। सभी पदों पर केवल एक-एक वैध प्रत्याशी होने के कारण मतदान की आवश्यकता नहीं पड़ी और चुनाव अधिकारी ने सभी प्रत्याशियों को निर्विरोध विजयी घोषित कर दिया। श्रीमती जमुनोत्री देवी गुप्ता अध्यक्ष, देवराज यादव उपाध्यक्ष, विदुप अग्रहरी प्रबंधक, मनोज अग्रवाल उपप्रबंधक तथा नीरज अग्रवाल कोषाध्यक्ष चुने गए। वहीं मोनू बाबू, मुन्नालाल गुप्ता, शारदा प्रसाद अग्रहरि, अमर सिंह और सुधाकर पांडे समिति सदस्य बने। नवगठित कमेटी ने संस्था को अधिक प्रभावी और शिक्षा हितैषी बनाने का संकल्प लेते हुए सभी उपस्थित लोगों का आभार जताया।

## जिले में श्री अन्न क्रांति की दस्तक, हजारों किसानों को मिलेगा मुफ्त बीज

**चित्रकूट।** जिले में अब खेती का नया अध्याय श्री अन्न लिखने की तैयारी शुरू हो गई है। उप निदेशक कृषि राजकुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत खरीफ-2026 में किसानों को मोटे अनाज की उन्नतशील प्रजातियों के बीज मिनीकिट निःशुल्क वितरित किये जाएंगे। इसका उद्देश्य किसानों को पोषणयुक्त, जलवायु अनुकूल और कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों की खेती के लिए प्रेरित करना है। जिले में कुल 4757 मिनीकिट वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें ज्वार, बाजरा, कोदो, रागी, काकुन और कुटकी शामिल हैं। प्रत्येक मिनीकिट 0.2 हेक्टेयर क्षेत्रफल के लिए निर्धारित किया गया है तथा एक किसान केवल एक ही फसल का मिनीकिट बुक कर सकेगा। इच्छुक किसान कृषि विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। लक्ष्य से अधिक आवेदन होने पर चयन ई-लॉटरी के माध्यम से पारदर्शी ढंग से किया जाएगा। कृषि विभाग ने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण कराने की अपील की है।

# मानिकपुर सीएचसी में फाइलेरिया प्रबंधन एवं रोकथाम पर प्रशिक्षण आयोजित



शिविर में मौजूद अतिथिगण

**मानिकपुर/चित्रकूट।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर में सोमवार को फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के खिलाफ जागरूकता, प्रशिक्षण और संवेदनशीलता का अनोखा संगम देखने को मिला। एमओआईसी डॉ शेखर वैश्य की अध्यक्षता में आयोजित डडक्क् एमएमडीपी प्रशिक्षण कार्यक्रम में 20 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को फाइलेरिया प्रभावित मरीजों की बेहतर देखभाल और दिव्यांगता रोकथाम के गुर सिखाए गए। जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब समेत स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संस्थाओं के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को रोग की पहचान, त्वचा की स्वच्छता, संक्रमण रोकथाम, नियमित व्यायाम और मरीजों की काउंसलिंग संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान एमएमडीपी किट के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम के अंतर्गत चिन्हित 25 मरीजों में से 12 फाइलेरिया पीड़ितों को बाल्टी, टब, साबुन, तौलिया और एंटीसेप्टिक सामग्री से युक्त किट वितरित की गई। स्वास्थ्य विभाग की यह पहल फाइलेरिया उन्मूलन और मरीजों के जीवन स्तर सुधारने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।

## बलात्कार व हत्या प्रयास मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** जिले के थाना मऊ क्षेत्र में घर में घुसकर अश्लील हरकत, मारपीट, हत्या के प्रयास और जान से मारने की धमकी देने के सनसनीखेज मामले में मऊ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी बड़ाभईया उर्फ रामअवतार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी फहद अली और प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक राहुल पाण्डेय ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को उसके घर भौटी का पुरवा मजरा खण्डेहा से दबोच लिया। आरोप है कि 26 अप्रैल को आरोपी ने साथियों संग पीड़िता के घर में घुसकर उसकी साड़ी खींची, अश्लील हरकतें कीं और विरोध करने पर परिवार वालों के साथ मारपीट कर पति की गर्दन दबाकर हत्या का प्रयास किया। मामले में बीएनएस और एससी-एसटी एक्ट की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

# गौशाला नहीं, आत्मनिर्भर भारत का मॉडल बने ओहन बांध- आचार्य प्राणेश की मांग

- सीएम योगी को लिखा पत्र
- गोबर से रॉकेट ईंधन तक
- गाय को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने की मांग

**चित्रकूट।** जिले के वरिष्ठ साहित्यकार एवं आचार्य रामलाल द्विवेदी प्राणेश ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक विस्तृत पत्र भेजकर ओहन बांध क्षेत्र में आत्मनिर्भर एवं लाभकारी आदर्श गौशाला स्थापित करने की मांग उठाई है। पत्र में उन्होंने गोशालाओं को केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, रोजगार और जैविक कृषि का मजबूत आधार बताया। आचार्य प्राणेश ने सुझाव दिया कि वन विभाग की भूमि पर बड़ी मॉडल गौशाला बनाकर गोबर से वर्मी कम्पोस्ट खाद, कंडे, पेंट, अगरबत्ती, खिलौने और बायोगैस तैयार की जाए, जबकि गोमूत्र से औषधियां एवं जैविक छिड़काव उत्पाद विकसित किए जाएं। उन्होंने दावा किया कि विदेशी देशों में ए1 दूध के दुष्प्रभावों के बाद भारतीय नस्ल की ए2 गायों की मांग तेजी से बढ़ी है और जापान सहित कई देश गोबर आधारित औद्योगिक उत्पादों तथा बायोफ्यूल पर शोध कर रहे हैं। पत्र में नेपाल की तर्ज पर गाय को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने, गोवध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, पशुपालन को बजटीय प्रोत्साहन देने तथा बैलगाड़ी योजना लागू करने की भी मांग की गई। आचार्य ने कहा कि यदि ओहन बांध क्षेत्र में यह मॉडल विकसित हुआ तो चित्रकूट धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ गौ आधारित आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था का राष्ट्रीय केंद्र बन सकता है।

### गेहूं खरीद केंद्रों पर डीएम का हंटर, लापरवाही पर ठेकेदार ब्लैकलिस्टिंग की तैयारी, औचक निरीक्षण से मचा हड़कंप

**चित्रकूट।** जिले में गेहूं खरीद व्यवस्था को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देश पर रविवार को जिले के सभी गेहूं क्रय केंद्रों का उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, जिला खाद्य विपणन अधिकारी समेत कई अधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बी-पैक्स चकौंध क्रय केंद्र पर लापरवाही मिलने से हड़कंप मच गया। जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने बताया कि संयुक्त जांच रिपोर्ट के आधार पर हैंडलिंग ठेकेदार में हनुमत कांट्रेक्टर्स हरदोई के खिलाफ ब्लैक लिस्टिंग की संस्तुति की गई है, जबकि केंद्र प्रभारी ज्ञानेन्द्र कुमार मिश्रा से स्पष्टीकरण मांगा गया है। प्रशासन ने साफ चेतावनी दी है कि किसानों का शोषण किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले में अब तक 1984 किसानों से 8681.25 एमटी गेहूं खरीद हो चुकी है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग दोगुनी बताई जा रही है।

### कसहाई रोड पर रफ्तार का कहर, छात्रा को रौंद फरार हुए बाइक सवार

**चित्रकूट।** कर्वी शहर में सोमवार को रफ्तार का खौफनाक चेहरा उस वक्त सामने आया, जब जनसेवा कॉलेज से साइकिल से घर लौट रही एक छात्रा को तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। कसहाई रोड पर हुए इस हादसे में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि बाइक पर सवार तीन युवक मौके से फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक छात्रा ने हाथ देकर बाइक सवारों को सावधान करने की कोशिश भी की, लेकिन रफ्तार के नशे में चूर युवकों ने गति कम नहीं की और सीधे टक्कर मार दी। हादसे के बाद छात्रा सड़क पर तड़पती रही और आरोपी भाग निकले। सूचना पर पहुंची यूपी-112 पुलिस ने घायल छात्रा को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। नागरिकों ने स्कूल-कॉलेज क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाने, स्टंटबाज युवकों पर कार्रवाई करने और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग उठाई है।

# गोल्डन मिनट की जंग में चित्रकूट के डॉक्टरों ने सीखी नवजीवन बचाने की कला

## जिला चिकित्सालय में कार्यशाला आयोजित



प्रशिक्षण प्राप्त करते जिला चिकित्सालय के डॉक्टर

**चित्रकूट।** नवजात शिशुओं की जिंदगी बचाने और मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से संयुक्त जिला चिकित्सालय चित्रकूट में नेशनल एनआरपी दिवस पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिले की विभिन्न प्रसव इकाइयों से पहुंचे चिकित्सकों, स्टॉफ नर्सों और पैरामेडिकल कर्मियों को बेसिक नियोनेटल रिससिटेशन प्रोग्राम (एनआरपी) के तहत नवजात शिशुओं की आपातकालीन देखभाल की आधुनिक तकनीकों से प्रशिक्षित किया गया। जिला कोर्स कोऑर्डिनेटर डा नरेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया कि जन्म के तुरंत बाद होने वाली बर्थ एस्फिक्सिया नवजात मृत्यु का प्रमुख कारण है और जन्म के बाद का पहला गोल्डन मिनट शिशु के जीवन के लिए सबसे निर्णायक समय होता है। बाल रोग विशेषज्ञ डा एचसी अग्रवाल ने कहा कि सही समय पर किया गया चिकित्सीय हस्तक्षेप नवजात को नया जीवन दे सकता है। प्रशिक्षण में 50 स्वास्थ्यकर्मियों को वीडियो प्रेजेंटेशन, हैंड्स ऑन प्रैक्टिकल और ग्रुप सेशन के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम में डा शिफाली, डा नितिन ग्यारसपुरिया सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

### तुलसी कृषि विज्ञान केंद्र में नैनो उर्वरकों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न, किसानो को संतुलित उर्वरक प्रयोग की सलाह

**चित्रकूट।** जिले के पहाड़ी ब्लॉक स्थित तुलसी कृषि विज्ञान केंद्र में सोमवार को राष्ट्रीय तकनीकी दिवस के अवसर पर इफको द्वारा संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने हेतु किसान सभा आयोजित की गई, जहां खेती में नई तकनीकों और नैनो उर्वरकों को लेकर किसानों में खास उत्साह दिखाई दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप कृषि निदेशक राजकुमार ने वैज्ञानिक खेती को समय की आवश्यकता बताया। केवीके के प्रधान वैज्ञानिक डॉ राजेंद्र सिंह नेगी ने किसानों से हरी खाद, बायो डीकंपोजर, लिक्विड कंसोर्टिया तथा नैनो यूरिया-डीएपी अपनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे मिट्टी की सेहत सुधरेगी और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता घटेगी। इफको क्षेत्रीय प्रबंधक राजवीर सिंह ने नैनो उत्पादों की उपयोगिता विस्तार से समझाई। प्रगतिशील किसान देवकुमार त्रिपाठी व बुद्धविलाश द्विवेदी ने नैनो डीएपी के सफल प्रयोग साझा कर किसानों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में 100 से अधिक किसान मौजूद रहे।

# मुफ्त कानूनी सहायता को लेकर अधिवक्ताओं के प्राधिकरण की समीक्षा साथ बैठक आयोजित

**अखंड भारत संदेश**



समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** चित्रकूट में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की बैठक इंसाफ और संवेदनशील न्याय व्यवस्था की नई तस्वीर पेश करती नजर आई। माननीय जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में सचिव इला चौधरी ने लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम से जुड़े अधिवक्ताओं के साथ समीक्षा बैठक कर आपराधिक मामलों में गरीब, कमजोर और जरूरतमंद लोगों तक मुफ्त एवं गुणवत्तापूर्ण कानूनी सहायता पहुंचाने की रणनीति पर मंथन किया। बैठक में यूटीआरसी अभियान के तहत चिन्हित बंदियों की रिहाई का मुद्दा प्रमुखता से उठा। चीफ एलएडीसी काउन्सिल गया प्रसाद निषाद ने बताया कि कुल 09 बंदियों को चिन्हित किया गया था, जिनमें से 07 बंदियों की रिहाई हो चुकी है, जबकि शेष 02 की रिहाई के प्रयास तेजी से जारी हैं। बैठक में न्याय रक्षकों ने यह संकल्प दोहराया कि आर्थिक कमजोरी अब किसी के न्याय पाने में बाधा नहीं बनेगी।

# क्या प्रतिबंधों के बदले परमाणु कार्यक्रम रोकेगा तेहरान?

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि युद्ध समाप्त करने के उद्देश्य से वाशिंगटन द्वारा प्रस्तावित नवीनतम प्रस्ताव पर ईरान से आज रात तक जवाब मिल जाएगा, हालांकि तेहरान ने संकेत दिया कि वह अभी भी प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है और उसने अभी तक अपनी प्रतिक्रिया को अंतिम रूप नहीं दिया है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस के बाहर पत्रकारों से कहा कि मुझे आज रात एक पत्र मिलने की उम्मीद है। तो देखते हैं आगे क्या होता है। इससे पहले कि वह स्टर्लिंग, वर्जीनिया में अपने गोल्फ कोर्स के लिए रवाना हों। जब उनसे पूछा गया कि क्या ईरान जानबूझकर प्रक्रिया में देरी कर रहा है, तो ट्रंप ने जवाब दिया हमें जल्द ही पता चल जाएगा। सीएनएन ने ईरानी मीडिया का हवाला देते हुए बताया कि ईरान अभी भी पाकिस्तानी मध्यस्थों के माध्यम से संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा भेजे गए "संदेशों" की समीक्षा कर रहा है और उसने अभी तक प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय नहीं लिया है।

प्रस्तावित समझौता एक पृष्ठ का 14 सूत्रीय ज्ञापन है जिसका उद्देश्य संघर्ष को रोकना और वाशिंगटन और तेहरान के बीच औपचारिक वार्ता शुरू करना है। इस योजना के तहत, ईरान परमाणु संवर्धन गतिविधियों को रोक सकता है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका प्रतिबंधों में ढील दे सकता है और अरबों डॉलर की ईरानी संपत्तियों को जारी कर सकता है जो रोकी गई हैं। प्रस्ताव में कथित तौर पर दोनों पक्षों द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य में प्रतिबंधों को कम करने के कदम भी शामिल हैं, जो एक महत्वपूर्ण वैश्विक तेल पारगमन मार्ग है और हाल के सैन्य तनावों का केंद्र बना हुआ है। यह समझौता 30 दिनों की वार्ता अवधि के साथ



शुरू होगा जिसका उद्देश्य एक व्यापक दीर्घकालिक समझौते का मार्ग प्रशस्त करना है।

होर्मुज में नया तनाव

होर्मुज जलडमरूमध्य और उसके आसपास जारी सैन्य तनाव के बीच राजनयिक प्रयास किए जा रहे हैं। एक ईरानी सैन्य सूत्र ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने इस क्षेत्र में ईरानी जहाजों के साथ फिर से हस्तक्षेप किया तो झड़पें दोबारा शुरू हो सकती हैं। ईरान की तसनीम समाचार एजेंसी के अनुसार, सूत्र ने मौजूदा स्थिति को "शांत" बताते हुए कहा कि अगर अमेरिकी सेना ईरानी जहाजों को बाधित करने का प्रयास करती है तो "इस तरह के संघर्षों के फिर से शुरू होने की संभावना" बनी हुई है। ईरान की फार्स समाचार एजेंसी ने इससे पहले रणनीतिक जलमार्ग में ईरानी सेना और अमेरिकी नौसेना के जहाजों के बीच "छिटपुट झड़पों" की सूचना दी थी। यह तनाव अमेरिकी केंद्रीय कमान (उएठळउडट) के बयानों के बाद बढ़ा, जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी सेना ने दो खाली ईरानी ध्वज वाले तेल टैंकरों पर हमला किया, जो कथित तौर पर ओमान की खाड़ी के रास्ते एक ईरानी बंदरगाह में प्रवेश करके चल रही अमेरिकी नाकाबंदी को तोड़ने का प्रयास कर रहे थे।

## लिपुलेख पर घिरे बालेन शाह, अब नेपाली सांसदों ने काटा बवाल!



**नेपाल**

**भारत** और नेपाल के बीच का विवाद अभी थमता हुआ नहीं दिख रहा है। जहां पहले नेपाल की बालेन सरकार ने मानसरोवर यात्रा के लिए लिपुलेख दर्रे के इस्तेमाल पर प्रोटेस्ट नोट जारी किया था। जिसके जवाब में भारत ने भी कड़ा जवाब नेपाल को दिया था और इन सबके बीच एक बार फिर नेपाल के भीतर से लिपुलेख को लेकर मांग उठने लगी है। दरअसल नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाली विपक्ष ने प्रधानमंत्री बालेन शाह की सरकार पर सीधा दबाव बनाया है कि वह भारत और चीन के साथ सिर्फ डिप्लोमेटिक नोट्स यानी कि प्रोटेस्ट नोट जैसी कूटनीतिक चिट्ठियों का आदानप्रदान बंद करें और सीधे टेबल टॉक यानी उच्च स्तरीय बातचीत करें लिपुलेख के मुद्दे पर। यानी अब नेपाल का विपक्ष भी लिपुलेख के मुद्दे पर ऐसे सवाल उठा रहा है। इस विवाद की ताजा वजह है कैलाश मानसरोवर यात्रा और उसको लेकर नेपाल के द्वारा उठाया गया विरोध। हाल ही में भारत और चीन ने लिपुलेख दर्रे के रास्ते इस पवित्र यात्रा की घोषणा की थी। जिसके बाद नेपाल सरकार ने इस पर आपत्ति जताते हुए भारत और चीन दोनों को ही राजनीयिक नोट भेज दिया था। जिसमें नेपाल का दावा था कि बिना उसकी सहमति के इस रास्ते का उपयोग नहीं किया जा सकता। इसी नोट को लेकर नेपाल की संसद की अंतरराष्ट्रीय संबंध समिति में विपक्षी सांसदों ने बालेन शाह सरकार को जमकर कोसा है। नेपाली कांग्रेस के सांसद संदीप राणा ने कहा लिपुलेख, लिंपियाधूरा और काला पानी नेपाल की जमीन है और भारत इसे अपनी मर्जी से इस्तेमाल कर रहा है। वहीं केपी शर्मा ओली की पार्टी सीपीएन यूएमएल की सांसद भूमिका लिंबू सुबा ने तो भारत की प्रतिक्रिया को गैर जिम्मेदाराना तक करार दे दिया। नेपाली विपक्ष की मांग है कि नेपाल सरकार को और कड़ा रुख अपनाना चाहिए और इन इलाकों को वापस लेने के लिए सीधे तौर पर बातचीत करना चाहिए। वहीं हम बात करें नेपाल के दावों पर भारत के रुख की तो भारत का रुख हमेशा से ही क्रिस्टल क्लियर रहा है यानी बिल्कुल साफ। भारतीय विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट कर दिया है कि लिपुलेख के राष्ट्रीय कैलाश मानसरोवर यात्रा दशकों से होती आ रही है और इसमें कुछ भी नया नहीं है।

## पाकिस्तान के शिया कर्मचारियों को धक्के मारकर देश से बाहर निकाल रहा है संयुक्त अरब, दोनों देशों के रिश्ते और बिगड़े

**पाकिस्तान**

**पश्चिम** एशिया में जारी तनाव के बीच पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात के रिश्तों में गहरी दरार दिखाई देने लगी है। हाल के दिनों में संयुक्त अरब अमीरात द्वारा हजारों पाकिस्तानी शिया कामगारों को बाहर निकाले जाने की खबरों ने इस तनाव को और गंभीर बना दिया है। अंतरराष्ट्रीय समाचार पत्रों की रिपोर्टों के अनुसार, अमीरात सरकार ने अप्रैल के मध्य से पाकिस्तानी शिया समुदाय के लोगों पर कार्रवाई तेज कर दी है। इस पूरे



घटनाक्रम को पाकिस्तान की विदेश नीति, ईरान और सऊदी अरब के साथ उसके रिश्तों तथा खाड़ी क्षेत्र की बदलती राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

एक प्रमुख अमेरिकी समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त अरब अमीरात पाकिस्तान से इस बात से नाराज है कि उसने ईरान के हमलों की खुलकर निंदा नहीं की। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के दौरान ईरान ने अमीरात पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए थे।

अमीरात चाहता था कि पाकिस्तान खुलकर उसका समर्थन करे, लेकिन इस्लामाबाद ने खुद को मध्यस्थ के रूप में पेश करने की कोशिश की। पाकिस्तान ने वाशिंगटन और तेहरान के बीच बातचीत कराने का प्रयास किया, जिसे अबू धाबी ने अपने हितों के खिलाफ माना।

## रूस ने ईरान को थमा दिया ब्रह्मास्त्र, पुतिन के चक्रव्यूह में कैसे फंस गए ट्रंप?



**अमेरिका**

**समंदर** में अमेरिका और ईरान के बीच बीती रात जो टकराव हुआ उसने पूरी दुनिया को फिर से तीसरे विश्व युद्ध जैसे डर की तरफ धकेल दिया है। लेकिन अब इस जंग में सबसे बड़ा और सबसे खतरनाक मोड़ रूस की एंट्री मानी जा रही है। खबर है कि व्लादमीर पुतिन ने ईरान के लिए अपना ऐसा रूसी चक्रव्यूह खोल दिया जिसे तोड़ना अमेरिका जैसी महाशक्ति के लिए भी आसान नहीं होगा। द इकोनॉमिस्ट की एक रिपोर्ट ने पूरी दुनिया में हलचल पैदा कर दी है। दावा किया गया है कि रूस की खुफिया एजेंसी जीआरयू ने ईरान के लिए एक सीक्रेट मास्टर प्लान तैयार किया है। इस प्लान के तहत तेहरान को 5000 ऐसे फाइबर ऑप्टिक ड्रोन दिए जा रहे हैं जिन्हें दुनिया का कोई इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम ट्रैक नहीं कर पाएगा। यानी अब जंग सिर्फ मिसाइलों और जहाजों की नहीं रही बल्कि टेक्नोलॉजी की ऐसी लड़ाई बन चुकी है जहां दुश्मन को हमला दिखेगा भी नहीं। सबसे खतरनाक बात यह बताई जा रही है कि यह ड्रोन किसी रेडियो सिग्नल पर नहीं चलते। इन्हें एक बेहद पतली फाइबर ऑप्टिक केबल के जरिए कंट्रोल किया जाता है। इसका सीधा मतलब है कि अमेरिका के सबसे महंगे जैमर्स भी इन्हें रोक नहीं पाएंगे। यानी नो सिग्नल, नो जैमी। इन ड्रोंस में ऑपरेटर को बेहद क्लियर लाइव वीडियो मिलता है जिससे 40 किमी दूर बैठे दुश्मन पर भी सटीक हमला किया जा सकता है। रिपोर्ट में दावा किया गया कि इनकी वजह से युद्ध के मैदान में एक ग्रे जोन बन जाएगा।

## ट्रंप ने बताया 'प्रभावशाली', फिर क्यों व्हाइट हाउस से चुपचाप निकले लुला ?

**ब्राजील**

**ब्राजील** के राष्ट्रपति लुला दा सिल्वा ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की ताकि दोनों देशों के बीच व्यापारिक तनाव को कम किया जा सके। हालांकि, विश्व नेताओं के लिए प्रचलित प्रथा के विपरीत, उन्होंने राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाग नहीं लिया। व्हाइट हाउस में मौजूद लोगों ने ब्राजीलियाई पत्रकारों की व्हाइट हाउस से निकलते हुए तस्वीरें शेयर की। लूला संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल नहीं हुए थे। टअऋअ समर्थकों के एक समूह ने अटकलें लगाईं कि लूला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसलिए हिस्सा नहीं लिया क्योंकि ट्रंप के साथ उनकी मुलाकात गहमा-गहमी भरी रही



होगी। लोकप्रिय धुर दक्षिणपंथी टिप्पणीकार निक सॉर्टर ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने बंद दरवाजों के पीछे वामपंथी लूला की जमकर धज्जियां उड़ाई होंगी। सॉर्टर ने ब्राजीलियाई पत्रकारों के व्हाइट हाउस से निकलते हुए एक वीडियो भी साझा किया। एक अन्य यूजर ने एक्स पर लिखा कि पुष्टि हो गई है। ट्रंप और लूला की मुलाकात का कोई भी हिस्सा प्रेस के लिए खुला नहीं रहेगा। लूला व्हाइट हाउस से रवाना हो रहे हैं। एक अप्रत्याशित बदलाव, एक अपेक्षित बैठक के बाद जो अब ब्राजीलियाई प्रतिनिधिमंडल के अनुरोध पर गुप्त रखी गई है।

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लूला को प्रभावशाली शख्स बताया तो लूला ने लिखा कि 3 घंटे चली इस बैठक में द्विपक्षीय संबंधों की बेहतरी की दिशा में काम हुआ। दोनों नेताओं की इस मीटिंग पर सबकी निगाहें थीं। वामपंथी लूला और दक्षिणपंथी ट्रंप के बीच तनातनी देखने को मिली थी। खासतौर पर पिछले साल अमेरिका ने ब्राजील पर टैरिफ लगाया तो रिश्ते असहज हुए थे।

एक्सपर्ट मान रहे हैं कि अक्टूबर में ब्राजील में चुनाव हैं और लूला के सामने उसे लेकर चुनौतियां हैं। वह पिछले साल की तरह अमेरिकी की टैरिफ नीति के खिलाफ ग्लोबल साउथ देशों को लेकर चलाए गए अभियान से भी बचना चाहेंगे। पश्चिम एशिया के संकट की वजह से जियो पॉलिटिक्स के हालात अलग है और लूला इस वक्त ट्रंप से सीधे तौर पर टकराना नहीं चाहेंगे। ट्रंप ने पिछले साल जब टैरिफ लगाया था तब लूला ने कहा था कि ट्रंप दुनिया के शंहशाह नहीं हैं।

सितंबर में भारत में ब्रिक्स लीडर्स समिट होनी है। बतौर ब्रिक्स सदस्य ब्राजील के राष्ट्रपति नई दिल्ली आ सकते है। ब्रिक्स देशों के इस बार के एजेंडे को लेकर अभी भी शेरपा स्तर की बैठके हो रही है।

## चीन ने पहली बार खुलकर स्वीकारा

**चीन**

**वैसे** तो यह बात पूरी दुनिया जानती है कि पिछले साल भारत और पाकिस्तान के बीच चले सैन्य संघर्ष के दौरान चीन ने खुलकर इस्लामाबाद की मदद की थी लेकिन यह पहली बार है कि बीजिंग ने इस बात को अब स्वीकार भी कर लिया है। हम आपको बता दें कि चीन ने पहली बार कहा है कि उसने भारत के खिलाफ पाकिस्तान को जमीनी स्तर पर तकनीकी सहायता प्रदान की थी। दक्षिण चीन मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार चीन के सरकारी प्रसारक ने एक साक्षात्कार प्रसारित किया, जिसमें चीन की विमानन उद्योग संस्था के अभियंताओं ने पाकिस्तान में अपनी प्रत्यक्ष भूमिका का खुलासा किया। रिपोर्ट के अनुसार चीन की विमान निर्माण संस्था के अभियंता झांग हेंग ने स्वीकार किया कि वह उन लोगों में शामिल थे जिन्होंने पाकिस्तान को तकनीकी सहायता दी।

उन्होंने बताया कि सहायता केंद्र पर लगातार लड़ाकू विमानों की आवाज सुनाई देती थी और हवाई हमले के सायरन बजते रहते थे। मई की भीषण गर्मी में तापमान लगभग पचास डिग्री तक पहुंच जाता था, जिससे वहां काम करना मानसिक और शारीरिक रूप से बेहद कठिन था।

झांग हेंग ने कहा कि उनकी टीम का उद्देश्य पाकिस्तान को ऐसा तकनीकी सहयोग देना था जिससे चीन निर्मित हथियार अपनी पूरी युद्ध क्षमता के साथ काम कर सकें। उन्होंने कहा कि यह केवल जे-10सीई विमान की सफलता नहीं थी, बल्कि दोनों देशों के बीच बने गहरे सहयोग का भी प्रमाण था। एक अन्य अभियंता शु दा ने जे-10सीई विमान की तुलना अपने बच्चे से करते हुए कहा कि उन्होंने इस विमान को तैयार किया, संवारा और उपयोगकर्ता को सौंपा।

## क्या असली में होते हैं एलियंस?

**अमेरिका**

**अमेरिका** के रक्षा विभाग पेंटागन ने अज्ञात असामान्य घटनाओं से जुड़ी 'पहले कभी न देखी गई' फाइलों को जारी करना शुरू किया है। पहले इन घटनाओं को अज्ञात उड़ने वाली वस्तुओं के रूप में जाना जाता था। फाइलें पीढ़ियों से अमेरिकियों के लिए जिज्ञासा का स्रोत रही हैं जो यह सोचते हैं कि क्या हम ब्रह्मांड में अकेले हैं। न्यू यॉर्क टाइम्स के मुताबिक, शुरूआती तस्वीरें धुंधली हैं और उनमें कुछ भी दिख सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा- 'आप खुद तय करें कि ये क्या है।' दुनिया भर की 400 से अधिक घटनाओं का जिक्र है। कई विडियो में वर सेना द्वारा इन्फ्रारेड सेंसर से ली गई धुंधली फुटेज हैं। कई अमेरिकी खुफिया और रक्षा एजेंसियों के समन्वय से चलाया जा रहा है। इनमें युद्ध विभाग, राष्ट्रीय खुफिया निदेशक का कार्यालय, नासा, एफबीआई, ऊर्जा विभाग और पेंटागन का सर्व-क्षेत्रीय विसंगति समाधान कार्यालय (जिसे आमतौर पर अअफद्ध के नाम से जाना जाता है) शामिल हैं। अमेरिका की ओर से जारी 160 से अधिक फाइलों में अपोलो 11, अपोलो 12 और अपोलो 17 मून मिशन से जुड़ी घटनाएं शामिल है। अपोलो 11 उडान के बाद 1969 में हुई एक ब्रीफिंग में अंतरिक्ष यात्री बज एल्ड्रिन ने सोने की कोशिश करते समय केबिन के अंदर कुछ मिनटों के अंतराल पर हल्की-हल्की चमक दिखाई देने की बात कही थी।

फुटबॉल के आकार की वस्तुएँ और क्षणिक गायब होना

जारी की गई सामग्री में अंडाकार धातु की वस्तुओं, अस्पष्ट अवरक्त संकेतों और कथित तौर पर "क्षणिक रूप से" गायब होने वाले हवाई जहाजों से संबंधित रिपोर्टें शामिल हैं। युद्ध विभाग द्वारा जारी एक तस्वीर में कथित तौर पर 130 से 195 फीट लंबी एक कांस्य धातु की वस्तु आकाश में कुछ क्षणों के लिए दिखाई देने के बाद गायब हो जाती है। एक अन्य फाइल में जापान के पास देखे गए फुटबॉल




के आकार के एक पिंड का ज़िक्र है, जिसे अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड ने दस्तावेज़ित किया था। इस संग्रह में 2025 में पश्चिमी संयुक्त राज्य अमेरिका के ऊपर ली गई इन्फ्रारेड तस्वीरें भी शामिल हैं, साथ ही अपोलो युग की पुरानी सामग्री भी है जिसमें अपोलो 17 चंद्र मिशन के दौरान खींची गई अज्ञात रोशनी की तस्वीरों का पुनः विश्लेषण किया गया है।

इनमें से कुछ रिपोर्टें कई साल पुरानी हैं, जबकि कुछ हाल की हैं। ये सभी रिपोर्टें वाशिंगटन द्वारा सैन्य कर्मियों से जुड़े अज्ञात हवाई मुठभेड़ों के बारे में अधिक जानकारी सार्वजनिक करने के बढ़ते जन और संसदीय दबाव को संबोधित करने के प्रयास का हिस्सा हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.: 9565333000
Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

## नेपाल को भारत ने दिया 440 वोल्ट का झटका, रद्द किया विदेश सचिव दौरा

**नेपाल**

**पिछले** कुछ दिनों में भारत और नेपाल के रिश्तों में हल्का तनाव देखने को मिला। पहले लिपुलेख को लेकर विवाद जहां दोनों देशों की ओर से बयानबाजी हुई और अब खबर आ रही है कि भारत के विदेश सचिव विक्रम मिश्री का प्रस्तावित नेपाल दौरा फिलहाल टाल दिया गया। बताया जा रहा है कि यह दौरा 11 मई से शुरू होना था। लेकिन अचानक इसे स्थगित कर दिया गया और भारत की ओर से लिए गए इस फैसले को लेकर कई तरह की चर्चाएं भी शुरू हो गई। दरअसल विदेश सचिव विक्रम मिश्री दो दिन के दौरे पर काठमांडू जाने वाले नेपाल और भारत दोनों तरफ से इसकी



तैयारियां पूरी कर ली गई थी। लेकिन अब अचानक इस दौरे को टाल दिया गया। नेपाल के विदेश मंत्रालय और काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारियों के मुताबिक भारतीय पक्ष की तरफ से अचानक जानकारी ली गई कि यह दौरा फिलहाल टाल दिया गया है। हालांकि आधिकारिक तौर पर कोई कारण नहीं बताया गया। भारतीय विदेश सचिव के इस दौरे को इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि नेपाल में हाल ही में नई सरकार बनी और बालन शाह नेपाल के नए प्रधानमंत्री बने हैं और वह पहली बार भारत के साथ प्रधानमंत्री बनने के बाद उच्च स्तरीय बातचीत करने वाले थे। भारत की योजना थी कि विदेश सचिव विक्रम मिश्री नेपाल जाकर प्रधानमंत्री बालेन शाह को भारत आने का औपचारिक निमंत्रण दें। लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय यानी पीएमओ की तरफ से इस बैठक को लेकर कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं मिली और यही वजह बताई जा रही है कि भारत ने दौरा आगे बढ़ाने का फैसला लिया। सूत्रों का कहना है कि अगर प्रधानमंत्री स्तर की मुलाकात ही नहीं हो पाती तो फिर इस दौरे का राजनीतिक महत्व कम हो जाता। हालांकि नेपाल सरकार ने इस मामले को ज्यादा बड़ा मुद्दा मानने से इंकार किया। नेपाल के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लोक बहादुर पौल क्षेत्री ने कहा कि भारत और नेपाल के रिश्ते बहुत गहरे हैं और किसी एक मुद्दे से दोनों देशों के संबंध प्रभावित नहीं होंगे। हालांकि एक बात और यह पूरा घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब लिपुलेख को लेकर भी तनाव बढ़ा हुआ है। नेपाल की सरकार और विपक्ष दोनों ने लिपुलेख को लेकर बयानबाजी तेज कर दी है। आपको बता दें लिपुलेख वो इलाका है जो भारत का है और नेपाल इसे लेकर उल्टे सीधे दावे करता है और पिछले कुछ दिनों में नेपाल में इस मुद्दे को लेकर राजनीतिक बयानबाजी काफी तेज हो गई। ऐसे में विदेश सचिव का दौरा टलना इन घटनाओं का भी प्रभाव हो सकता है। हालांकि इसकी पुष्टि भारत तक नहीं करता। आपको बता दें भारत और नेपाल के संबंध सिर्फ पड़ोसी देशों वाले नहीं है। दोनों देशों के बीच खुली सीमा है। सांस्कृतिक और धार्मिक जुड़ाव है और आर्थिक सहयोग भी दोनों के बीच काफी बड़ा रोटी बेटी का रिश्ता है।